रांची, मंगलवार, 11 मार्च 2025

संवत 2081, फाल्गुन शुक्ल 12 - मूल्य 2 रुपये

वर्ष-8, अंक 186, पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028

# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक



4 ▸▸ वर्चस्व पर संकट का कवच बनती हिंदी विरोध की राजनीति

हुमा कुरैशी ने बताया-क्या है उनके काम का मंत्र ◂◂ 6

# कुख्यात गैंगस्टर अमन साहू एनकाउंटर में ढेर

- 150 से अधिक आपराधिक मामले थे दर्ज
- रायपुर जेल से झारखंड ला रही थी पुलिस
- गैंगस्टर को पुलिस की गिरफ्त से छुड़ाने की थी साजिश,उटीएस पर फेंका बम, चलाई गोली



**पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में गैंगस्टर अमन साव को गोली लगी है, जिससे उसकी मौत हो गई है। मुठभेड़ में एक जवान को भी गोली लगी है। मौके पर एंबुलेंस को भेजा गया है।**

**रीष्मा रमेशन, पलामू एसपी**

अमन साहू दो मामलों में अदालत से सजायाफ्ता था। झारखंड के रामगढ़ के एक आपराधिक मामले में उसे छह साल और लातेहार के एक मामले में तीन साल की सजा सुनाई गई थी। तीन दिन पहले रांची में कोल ट्रांसपोर्टर बिपिन मिश्रा पर फायरिंग की घटना की जिम्मेदारी अमन साहू के गैंग ने ली थी। अमन के सबसे खास गुर्गे मयंक सिंह ने इसे लेकर बकायदा सोशल मीडिया पर पोस्ट डाला था।

**मेट्रो रेज**

**रांची/पलामूः** झारखंड और छत्तीसगढ़ सहित कई राज्यों में 150 से भी ज्यादा आपराधिक वारदातों को अंजाम देने वाला कुख्यात गैंगस्टर अमन साहू मंगलवार सुबह पुलिस मुठभेड़ में मारा गया । यह मुठभेड़ पलामू जिले के चैनपुर में हुई है। अमन पिछले कुछ महीनों से छत्तीसगढ़ की रायपुर जेल में बंद था।

झारखंड पुलिस ने उसे हाल में अंजाम दी गई घटनाओं के संबंध में पूछताछ के लिए रिमांड पर लिया था। पुलिस की टीम उसे सोमवार की रात रायपुर से लेकर रांची ला रही थी। बताया गया कि रायपुर से रांची के रास्ते चैनपुर थाना क्षेत्र के अंधारी ढोढा नामक जगह पर अमन के गैंग ने पुलिस गाड़ी पर बम से हमला किया। इससे पुलिस की गाड़ी असंतुलित हो गई।

पुलिस का दावा है कि अमन साहू ने मौके का फायदा उठाने की कोशिश की और पुलिस का हथियार छीनकर भागने लगा। पुलिस ने उसे रोकने का प्रयास किया तो उसने फायरिंग कर दी। जवाब में पुलिस ने भी गोली चलाई, जिसमें अमन साहू मारा गया। पलामू एसपी रीष्मा रमेशन ने पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में गैंगस्टर अमन साहू की मौत की पुष्टि की है।

उन्होंने बताया है कि मुठभेड़ में एक जवान को भी गोली लगी है। मौके पर एंबुलेंस भेजा गया है। अमन रांची के बुढ़मू थाना क्षेत्र के मतवे गांव का रहने वाला था। आपराधिक मामलों की जांच में यह बात सामने आई थी कि अमन साहू के संबंध कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई से हैं। वह पूर्व में झारखंड की सरायकेला जेल में बंद था। 14 अक्टूबर, 2024 को छत्तीसगढ़ की पुलिस उसे प्रोडक्शन वारंट पर रायपुर ले गई थी। तभी से वह रायपुर जेल में बंद था।

अमन साहू दो मामलों में अदालत से सजायाफ्ता था। झारखंड के रामगढ़ के एक आपराधिक मामले में उसे छह साल और लातेहार के एक मामले में तीन साल की सजा सुनाई गई थी। तीन दिन पहले रांची में कोल ट्रांसपोर्टर बिपिन मिश्रा पर फायरिंग की घटना की जिम्मेदारी अमन साहू के गैंग ने ली थी। अमन के सबसे खास गुर्गे मयंक सिंह ने इसे लेकर बकायदा सोशल मीडिया पर पोस्ट डाला था।

शनिवार को हजारीबाग में एनटीपीसी के डीजीएम (डिस्पैच) कुमार गौरव हत्याकांड में भी पुलिस को अमन साहू गैंग का हाथ होने का संदेह था। इन दोनों मामलों में पुलिस उससे पूछताछ करना चाहती थी।

**डीजीपी के बयान के बाद एक दिन बाद मुठभेड़ :** झारखंड के डीजीपी गुप्ता ने बताया कि अमन साओ उर्फ अमन साहू को रायपुर से रांची लाया जा रहा था। आईजी ऑपरेशन अमोल होमकर मौके पर पहुंच गए हैं। इससे पहले डीजीपी ने सोमवार को कहा था कि तीन गैंगस्टर- विकास तिवारी, अमन श्रीवास्तव और अमन साओ जेलों के अंदर से अपना काम चला रहे हैं। इसकी जांच के तहत सिमडेगा और हजारीबाग जेलों में छापेमारी की गई है।

## झारखंड में आतंक का एनकाउंटर, मामूली मोबाइल मैकेनिक से गैंगस्टर तक का सफर

**संवाददाता**

**रांचीः** जेल के अंदर से बाहर की दुनिया में खौफ बनाने में माहिर कुख्यात गैंगस्टर अमन साहू पुलिस एनकाउंटर में मारा गया। मंगलवार को उसे एनटीपीसी डीजीएम मर्डर केस में पूछताछ के लिए पुलिस रिमांड पर रायपुर से रांची लाया जा रहा था। खबर है कि इसी दरम्यान पुलिस की गाड़ी हादसे का शिकार हो गई। तभी इसका फायदा अमन साहू ने उठाया और भागने की कोशिश करने लगा। पुलिस ने उसे रोका तो उसने फायरिंग शुरू कर दी। जवाब में पुलिस की ओर से हुई कार्रवाई में वह मारा गया।

झारखंड के कुख्यात गैंगस्टर अमन साहू के एनकाउंटर की फैली खबर के बाद से अपराध जगत में तहलका मच गया। झारखंड पुलिस फाइल में कुख्यात के नाम से शुमार छोटे बड़े अपराधी अंडरग्राउंड होने शुरू हो गए। वही नाम नहीं छापने के शर्त पर एक आला अधिकारी ने बताया कि इन चूहों को अब बिल से बाहर निकाल कर सबक सिखाया जाएगा।



**मामूली मोबाइल दुकानदार से बना गैंगस्टर :** अमन साहू पहले एक मामूली मोबाइल मैकेनिक था। पतरातू में उसकी छोटी सी एक दुकान थी। रातों-रात लखपति बनने की चाह में वह अपराध जगत से जुड़ा। इसके बाद अपराध के दलदल में धंसता चला गया। कोयलांचल के कुख्यात अपराधी किशोर पांडे के मारे जाने के बाद अमन साहू का नाम अपराध जगत में चमका था। इसके बाद उसकी आतंक की गाथा की धार तेज होती चली गई। उसके नाम के खौफ का आलम ऐसा था कि वह किसी भी जेल में वह 2 महीने तक नहीं टिक पाता था।

**रंगदारी नहीं देने पर फायरिंग करवाता, सोशल मीडिया में पोस्ट भी करताः** अमन साहू झारखंड पुलिस के लिए सबसे बड़ी चुनौती था। उसके गिरोह के निशाने पर कोयला कारोबारी, ट्रांसपोर्टर, ठेकेदार, रियल एस्टेट कारोबारी और बिल्डर थे। अमन इनसे लगातार रंगदारी वसूल रहा था। बात नहीं मानने वालों पर खुलेआम गोलियां भी चलवाता था। इसके बाद गैंग के गुर्गे सोशल मीडिया पर पोस्ट कर और वर्चुअल नंबर से मीडिया को जानकारी भी देते थे कि घटना को उनके ही गिरोह ने अंजाम दिया है।

**पंजाब से इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी में डिप्लोमा किया थाः** एक केस में कोर्ट में पुलिस के 20 पन्नों के दिए बयान के अनुसार गैंगस्टर अमन साहू, अमन साव के नाम से भी जाना जाता है। उसका जन्म रांची जिले के मतवे, बुढ़मू गांव में साल 1995 में हुआ था। साल 2010 में उसने मैट्रिक की परीक्षा 78 फीसदी अंकों के साथ पास की थी। उसके बाद पंजाब के मोहाली से इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी एंड कंप्यूटर साइंस में डिप्लोमा किया था। उसे 62% मार्क्स आए थे।

साल 2012 में जब वह घर आया था, तब उसकी पहचान झारखंड जनमुक्ति मोर्चा के तत्कालीन सुप्रीमो कुलेश्वर सिंह से हुई और यहीं से उसने अपराध की दुनिया में कदम रखा था। एक कांड के दौरान वो 2015 में पहली बार जेल गया। जहां उसकी दोस्ती सुजीत सिन्हा एवं मयंक सिंह से हुई थी। यहीं से वह उग्रवादी संगठनों के अलावा दूसरे आपराधिक गिरोहों के संपर्क में आया था।

**विधानसभा चुनाव लड़ने वाला था अमन साहूः** झारखंड में हुए इस साल का विधानसभा चुनाव भी वह लड़ना चाह रहा था। उसने बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने के लिए पर्चा भी खरीदा था। उसने चुनाव लड़ने की अनुमति के लिए झारखंड हाईकोर्ट में हस्तक्षेप याचिका दाखिल की थी। पर झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस एसके द्विवेदी की पीठ ने चुनाव लड़ने के लिए सजा पर रोक लगाने की मांग वाली की याचिका खारिज कर दी थी। पीठ ने कहा था अमन साहू के खिलाफ 120 से अधिक गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। पीठ ने अमन साहू के अधिवक्ता के उस दलील को नहीं माना था, जिसमें ममता देवी के मामले में दिए गए आदेश को आधार बनाया गया था।

## कोकर में दर्दनाक सड़क हादसा

## तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने ट्रक में मारी टक्कर, तीन की मौत,4 घायल

**संवाददाता**

**रांचीः** राजधानी रांची में आज यानी मंगलवार सुबह एक भीषण सड़क हादसा हुआ है। इस हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई,जबकि 4 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं इस दर्दनाक हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई।

घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार, सड़क हादसा मंगलवार सुबह-सुबह करीब 3:00 बजे हुआ।



बताया जा रहा है कि रांची सदर थाना क्षेत्र में राम लखन सिंह कॉलेज के पास एक ट्रक खड़ा था, तभी पीछे से तेज रफ्तार में आ रही एक स्कॉर्पियो ने ट्रक को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि स्कॉर्पियो के परखच्चे उड़ गए।

वहीं हादसे की जानकारी मिलते ही लोग मौके पर एकत्रित हुए और घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज जारी है। फिलहाल पुलिस शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

## उत्तराखंड पुलिस की सर्जिकल स्ट्राइक

## 70 गाड़ियों में सवार 300 जवानों ने यूपी के बरेली में डाली रेड,25 ड्रग्स माफिया गिरफ्तार

**बरेलीः** उत्तर प्रदेश के बरेली जिले में उत्तराखंड पुलिस ने ड्रग्स माफियाओं के खिलाफ एक बड़ी सर्जिकल स्ट्राइक की है। उधम सिंह नगर के एसएसपी ने 300 पुलिसकर्मियों के साथ इस ऑपरेशन को अंजाम दिया। इस कार्रवाई में पुलिस ने 25 ड्रग्स माफियाओं को गिरफ्तार किया और उन्हें उत्तराखंड ले जाया गया। फिलहाल, इन माफियाओं से पूछताछ की जा रही है और पुलिस जल्द ही बड़े खुलासे की उम्मीद कर रही है।

**बरेली के अगरासपुर गांव में हुई कार्रवाईः** सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, यह सर्जिकल स्ट्राइक की कार्रवाई बरेली जिले के थाना फतेहगंज पश्चिमी के अगरासपुर गांव में हुई। उधम सिंह नगर के एसपी मणिकांत मिश्रा के नेतृत्व में 300 पुलिसकर्मियों की एक टीम ने बीते सोमवार रात को अचानक इस



गांव में धावा बोला। पुलिस ने गांव के घरों की तलाशी लेकर 25 ड्रग्स माफियाओं को गिरफ्तार किया और उन्हें उत्तराखंड ले आई। दरअसल, उत्तराखंड में दूसरे राज्यों से नशीले पदार्थों की तस्करी कर बेचे जा रहे थे, जिससे वहां के युवाओं में नशे की प्रवृत्ति बढ़ रही थी। उत्तराखंड पुलिस को सूचना मिली कि बरेली के ड्रग्स माफिया इन नशीले पदार्थों की तस्करी कर उत्तराखंड में बेचते हैं। इस पर कड़ी कार्रवाई करने के लिए उत्तराखंड के डीजीपी ने एसपी मणिकांत मिश्रा को जिम्मेदारी दी और उन्होंने यह ऑपरेशन शुरू किया।

**सुरक्षा के साथ की गई सर्जिकल स्ट्राइक की कार्रवाईः** बताया जा रहा है कि एसपी मणिकांत मिश्रा ने 300 पुलिसकर्मियों की टीम बनाई और उन्हें गोपनीय तरीके से ट्रेनिंग दी। फिर बीते सोमवार रात उन्होंने बरेली के अगरासपुर गांव में पहुंचकर पूरे गांव को घेर लिया और घरों की तलाशी ली। इस ऑपरेशन को पूरी तरह से गोपनीय रखा गया, जिससे यह सफल रहा। अब पुलिस इन गिरफ्तार माफियाओं से पूछताछ कर रही है और उम्मीद है कि इस मामले में कई बड़े खुलासे होंगे।

**सर्जिकल स्ट्राइक की कार्रवाई पर बरेली एसएसपी ने उठाए सवालः** इस कार्रवाई को लेकर बरेली के एसएसपी अनुराग आर्य ने कुछ सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड पुलिस ने सर्जिकल स्ट्राइक से पहले या बाद में बरेली पुलिस से कोई जानकारी साझा नहीं की। उनका मानना था कि स्थानीय पुलिस को इस बारे में सूचित करना जरूरी था। उन्होंने यह भी कहा कि अगर उत्तराखंड पुलिस ने इस कार्रवाई के दौरान बरेली पुलिस को नहीं बताया, तो यह बड़ी अनहोनी का कारण बन सकता था, क्योंकि यह मुस्लिम बाहुल्य गांव था और पुलिस ने सहरी के वक्त रेड की थी। इस कार्रवाई से होली के त्यौहार पर भी

## संपत्ति विवाद में मारी गोली, घायल

**संवाददाता**

**रांचीः** कांके थाना क्षेत्र में सोमवार की देर रात जमीन और पैसे के बंटवारे के विवाद में एक युवक को गोली मार दी गई। घायल युवक का इलाज अस्पताल में चल रहा है। वहीं पुलिस मामले की तफ्तीश में जुटी हुई है।

**क्या है पूरा मामलाः** जेल में बंद जमीन माफिया कमलेश के करीबी माने जाने वाले जितेंद्र को सोमवार की रात विवाद के बाद गोली मार दी गई। गोली जितेंद्र के कमर में लगी है। जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

**आपसी** विवाद में फायरिंग की गई है। घायल का इलाज अस्पताल में चल रहा है। गोली चलाने वाले की पहचान हो गई है। उसे गिरफ्तार करने का प्रयास किया जा रहा है। सुशील सिंह, कांके थाना प्रभारी

**देर रात मारी गई गोली :** उधर मिली जानकारी के अनुसार सोमवार की रात प्रभात नाम के एक युवक से जितेंद्र का जमीन से जुड़े पैसे को लेकर विवाद चल रहा था। प्रभात जितेंद्र से पैसे की मांग कर रहा था, इसी को लेकर दोनों में झगड़ा शुरू हो गया है और देखते ही देखते मामला इतना बढ़ गया कि प्रभात ने पिस्टल निकाली और जितेंद्र को गोली मार दी।

**कमलेश का काम देखता है जितेंद्र :** आपको बता दें कि गोलीबारी में घायल जितेंद्र जमीन माफिया कमलेश का कामकाज देखता है। कमलेश को जमीन घोटाले मामले में ईडी ने गिरफ्तार किया था, तब से वह जेल में बंद है। कमलेश के जेल जाने के बाद जितेंद्र ही उसके जमीन का कारोबार संभाल रहा था। इसके साथ ही वह इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ साइंस में भी काम किया करता है।

## लैंड फॉर जॉब मामले में लालू परिवार को राहत

## तेजप्रताप और हेमा यादव को मिली जमानत



**पटनाः** बिहार के चर्चित लैंड फॉर जॉब मामले में आज यानी 11 मार्च को दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान राजद सुप्रीमो लालू यादव समेत उनके बड़े बेटे तेज प्रताज यादव और उनकी बेटी हेमा यादव वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कोर्ट में उपस्थित रहे। कोर्ट ने सुनवाई करते हुए लालू परिवार को बड़ी राहत दी है। कोर्ट ने राजद सुप्रीमो लालू यादव की बेटी हेमा यादव और बड़े बेटे तेज प्रताप यादव व अन्य को 50-50 हजार रुपए के निजी मुचलके पर जमानत दी है। इस मामले में लालू यादव, तेजस्वी यादव, राबड़ी देवी, मीसा भारती समेत 8 आरोपियों को पहले ही कोर्ट जमानत दे चुकी है। सुनवाई के दौरान आज भोला यादव कोर्ट में मौजूद थे। भोला यादव को रेगुलर बेल मिली है। इससे पहले इस मामले में 25 फरवरी को सुनवाई हुई थी। कोर्ट ने सीबीआई की तरफ से दाखिल फाइनल चार्जशीट पर संज्ञान लेते हुए सभी आरोपियों को समन भेजा था।

## बाइक से आये बदमाशों ने बीजेपी नेता को लगाया जहरीला इंजेक्शन, अस्पताल ले जाते समय मौत



**संभलः** उत्तर प्रदेश के संभल जिले में एक भाजपा नेता की हत्या कर दी गई, जब तीन अज्ञात हमलावरों ने कथित तौर पर उन्हें जहरीला पदार्थ दिया। गुन्नौर के सर्किल ऑफिसर दीपक तिवारी ने बताया कि 60 वर्षीय गुलफाम सिंह यादव जुनावई पुलिस स्टेशन के अंतर्गत दफ्तारा गांव में अपने खेत पर बैठे थे, तभी बाइक सवार तीन लोगों ने उनके पास आकर उन्हें कोई पदार्थ दिया और भाग गए। प्रत्यक्षदर्शियों और पीड़ित के अंतिम शब्दों के अनुसार, तीन लोग यादव के पास आए, वे उनसे बातचीत करने लगे और फिर उनमें से एक ने अचानक उसके पेट में एक घातक पदार्थ का इंजेक्शन लगा दिया।

बताया गया कि अपनी बिगड़ती हालत के बावजूद, यादव उनके पीछे भागे, लेकिन कुछ ही पलों में गिर गया। मदद मांगने की उनकी बेताबी दुखद रूप से समाप्त हो गई, क्योंकि अलीगढ़ अस्पताल ले जाते समय रास्ते में उनकी मौत हो गई। सीओ तिवारी ने बताया, यादव को इलाज के लिए अलीगढ़ ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। अभी तक पीड़ित परिवार की ओर से कोई औपचारिक शिकायत नहीं मिली है। मामले की जांच के लिए पुलिस टीम तैनात कर दी गई है। अलीगढ़ मेडिकल कॉलेज में पोस्टमार्टम में मौत के कारण की पुष्टि नहीं हुई, जिसके कारण अधिकारियों ने आगे की जांच के लिए यादव के विसरा (शरीर के अंग) को सुरक्षित रख लिया। एसपी कृष्ण कुमार बिश्नोई और एएसपी अनुकृति शर्मा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। फोरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए और एक खाली इंजेक्शन और एक हेलमेट भी बरामद किया। बिश्नोई ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज की समीक्षा की जा रही है तथा संदिग्धों को पकड़ने के प्रयास जारी हैं।

## पाकिस्तान की उड़ी धज्जियां, अमेरिका ने राजदूत को नहीं दी एंट्री, एयरपोर्ट से हुए डिपोर्ट



**नई दिल्लीः** अमेरिका के राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के बाद डोनाल्ड ट्रंप इमिग्रेशन नियमों को लेकर सख्त हो चुके है। इस सख्ती का ताजा उदाहरण तब देखने को मिला जब तुर्कमेनिस्तान से अमेरिका पहुंचे पाकिस्तान के राजदूत को वहां एंट्री नहीं दी गई। पाकिस्तानी राजदूत को वापस भेज दिया गया। रिपोर्ट की मानें तो पाकिस्तान के राजदूत को अमेरिका से वापस भेज दिया गया है।

विदेश मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने इसकी पुष्टि की है। तुर्कमेनिस्तान में पाकिस्तान के राजदूत के.के. अहसान वगान को अमेरिका से डिपोर्ट किया गया है। अमेरिका के अधिकारियों ने पाकिस्तान के राजदूत केके. अहसान को इमिग्रेशन संबंधी आपत्तियों के कारण अमेरिका से वापस लौटा दिया है।

**पाकिस्तान सरकार बुलाएगी वापसः** राजदूत केके अहसान वगान के पास वैध अमेरिकी वीजा और सभी जरुरी दस्तावेज उपस्थित थे। कथित तौर पर निजी दौरे पर लॉस एंजेलिस जा रहे थे। अमेरिका के इमिग्रेशन अधिकारियों ने उन्हें एयरपोर्ट पर रोका। इसके बाद उन्हें डिपोर्ट किया गया। अमेरिका प्रशासन द्वारा उठाए गए इस कदम के बाद डिप्लोमैटिक प्रोटोकॉल को लेकर कई सवाल भी खड़े हुए है।

न्यूज ब्रीफ



## होली को लेकर नवालशाही थाना परिसर में शांति समिति की बैठक

मेट्रो रेज संवाददाता

**डोमचांचः** नवलशाही थाना परिसर में शांति समिति की बैठक थाना प्रभारी शशि भूषण कुमार की अध्यक्षता में दिन सोमवार को किया गया। जबकि संचालन देवीपुर मुखिया बेदू साव ने किया। बैठक में दोनों समुदाय के लोग शामिल हुए। बैठक में होली का त्योहार शांतिपूर्ण व रमजान आपसी सौहार्द के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। वहीं जनप्रतिनिधियों ने शराब पर रोकथाम के लिए विशेष कार्रवाई करने का अनुरोध किया। होली के मौके पर शराब विवाद व हंगामा का कारण बनता है। इस मौके पर थाना प्रभारी शशिभूषण कुमार ने कहा कि सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वाले के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी। होली एवं रमजान को देखते हुए अपने थाना क्षेत्र में निरंतर गस्ती जारी रहेगा। थाना क्षेत्र में जितने भी संवेदनशील स्थान है, सभी स्थानों पर पुलिस की गस्ती तेज रहेगी। अफवाह फैलाने वाले लोगों को चिन्हित कर उनके विरूद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। डीजे पर बैन रहेगा। बैठक में एसआई मदन मिश्रा, एसआई दसमत किस्कू, एसआई सुकर टोप्पो, एएसआई राजीव सिंह, समाजसेवी कलीमउद्दीन अंसारी, महावीर राणा, पुरनानगर पंचायत मुखिया प्रतिनिधि देवनारायण यादव, समाजसेवी किशोर यादव, शाहदेव राम, रामचंद्र राणा समेत कई जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## असंतुलित होकर मोटरसाइकिल गड्ढे में गिरी बाइक ,एक घायल



**मुरीः** सिल्ली डीह के आगे कोचाजारा के टर्निंग में चार सवार मोटरसाइकिल असंतुलित होकर गड्ढे में जा गिरी,जिसमें एक के दाहिना पैर काफी चोटिल हुआ। ये सभी पॉलिटेक्निक के स्टुडेंट थे। बगैर हेलमेट के चार सवारी कर रहे थे। स्थानीय पत्रकार जब रिपोर्टिंग करने लगे तो पुलिस के लफड़ा समझ कर फोटो लेने से मना करने लगे। जल्दी जल्दी गड्ढे से तीन साथी बाइक को बाहर करने लगे। तब तक राहगीर जामा होने लगे।



## लक्ष्मी नारायण मंदिर में बाबा की हुई पूजा- अर्चना

**मुरीः** फाल्गुन एकादशी के मौके पर लक्ष्मी नारायण मंदिर सिल्ली में महिलाओं द्वारा बाबा श्याम खाटू की पूजा अर्चना एवं भजन कीर्तन किया गया । इससे पहले झांकी भी निकाली गई। जो धर्मशाला से बजरंग मंदिर तक शोभायात्रा के रूप में था। शाम को मारवाड़ी धर्मशाला में भजन कीर्तन किया गया। बाद में प्रसाद वितरण किया गया। जिसमें महिलाओं एवं भक्त काफी संख्या में मौजूद थे।

## पति ने पत्नी की चाकू घोंपकर की हत्या

**खूंटीः** जिले में एक पति ने अपनी पत्नी की चाकू से गोदकर हत्या कर दी। पति-पत्नी के बीच मामूली बात को लेकर कहासुनी हुई थी। यह मामला खूंटी जिले के अड़की थाना क्षेत्र के कोचांग पंचायत के कैजरो टोला से सामने आया है। जहां पति-पत्नी के बीच मामूली विवाद के बाद पति ने मायके में ही पत्नी की चाकू से गोदकर बेरहमी से हत्या कर दी। इस घटना के बाद गांव में हड़कंप मच गया। नागी सोय अपने ससुराल टूटूयू गांव से अड़की थाना क्षेत्र के कोचांग पंचायत के कैजरे टोला स्थित अपने मायके आई हुई थी। रविवार को नागी सोय का पति डेका सोय भी अपनी पत्नी के मायके आया हुआ था। वह अपनी पत्नी को वापस अपने घर यानी ससुराल चलने को कहने लगा। इसके बाद पति-पत्नी के बीच घर लौटने को लेकर मामूली कहासुनी हुई। इसके बाद पत्नी नागी अपने घर से कुछ दूरी पर स्थित गांव के ही एक कुएं पर पानी भरने चली गई। तभी उसके पति डेका सोय ने नागी पर चाकू से हमला कर उसे मौत के घाट उतार दिया। पत्नी की हत्या करने के बाद वह मौके से फरार हो गया। ग्रामीणों ने मामले की सूचना अड़की थाने की पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक पत्नी के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया। इसके बाद पुलिस ने आरोपी पति की तलाश शुरू कर दी और डेका उर्फ ??बिरसा सोय को गिरफ्तार कर जेल में डाल दिया।

## धनबाद जेल में देर रात छापेमारी मोबाइल और चार्जर बरामद



**धनबादः** जिले के मंडल कारा (जेल) में जिला प्रशासन ने देर रात छापेमारी की है। डीसी और एसएसपी समेत अन्य अधिकारी जेल पहुंचे और छापेमारी की। इस दौरान मोबाइल, चार्जर और ईयरबड्स बरामद हुए हैं।

**देर रात की गयी छापेमारीः**डीसी धनबाद की डीसी माधवी मिश्रा ने पत्रकारों को जानकारी दी कि जेल में सोमवार की देर रात छापेमारी की गयी। इस क्रम में तीन मोबाइल, चार्जर और ईयरबड्स बरामद हुए हैं। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन की टीम पहुंची और जेल में औचक निरीक्षण किया।

धनबाद जेल में कर दी गयी थी अमन सिंह की हत्या, उठे थे सवालः दिसंबर 2023 में धनबाद मंडल कारा में धनबाद के पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह के हत्यारे (शूटर) अमन सिंह की हत्या गोली मारकर कर दी गयी थी। तब भी काफी बवाल हुआ था। सुरक्षा पर सवाल उठ रहे थे कि आखिर जेल के अंदर बंदूक कैसे पहुंची? कई जेल के अधिकारियों पर कार्रवाई भी हुई थी। सोमवार की देर रात डीसी की छापेमारी के दौरान तीन मोबाइल बरामद हुए हैं।

**गैंगस्टर प्रिंस खान के भाई के वार्ड से मोबाइल बरामदः** सूत्र बताते हैं कि धनबाद जेल में छापेमारी के दौरान फरार गैंगस्टर प्रिंस खान के भाई बंटी और गॉडविन खान के वार्ड से मोबाइल बरामद हुआ है। ये दोनों हत्या के आरोप में धनबाद जेल में बंद हैं। गैंगस्टर प्रिंस खान फरार है और दुबई से धनबाद के व्यापारियों से फोन पर रंगदारी मांगता है।

### सीएम सोरेन की एयर एंबुलेंस सेवा बनी मरीजों के लिए जीवनदायिनी

# अब तक 94 गंभीर मरीजों को मिल चुकी राहत






संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा शुरू की गई एयर एम्बुलेंस सेवा राज्य के गंभीर रूप से बीमार और असहाय मरीजों के लिए वरदान साबित हो रही है। इस सेवा की बदौलत अब तक 94 मरीजों को समय रहते दूसरे राज्यों के प्रतिष्ठित अस्पतालों में इलाज के लिए एयरलिफ्ट कर राहत पहुंचाई गई है। इनमें अकेले रांची से 78 मरीज, जबकि अन्य जिलों से 11 मरीज शामिल हैं।

हर वर्ग को मिल रही मददः यह सेवा सिर्फ आम लोगों तक सीमित नहीं रही है, बल्कि गणमान्य व्यक्तियों और पुलिस बल के घायल जवानों को भी इसका लाभ मिल चुका है। विधानसभा चुनाव कार्य के दौरान घायल जवानों को एयर एंबुलेंस के जरिए उच्च स्तरीय अस्पतालों में त्वरित इलाज उपलब्ध कराया गया। यह पहल यह दशार्ती है कि सरकार सभी वर्गों की जरूरतों के प्रति सजग है और हर नागरिक की जान बचाना उसकी प्राथमिकता है। एयर एंबुलेंस की बुकिंग अब मोबाइल कॉल पर संभवः राज्य सरकार ने इस सेवा को आम जनता तक पहुंचाने के लिए इसे सरल और सुलभ बनाया है। कोई भी व्यक्ति +91-8210594073 नंबर पर कॉल कर 24 घंटे इस सेवा से संबंधित जानकारी व बुकिंग कर सकता है। राज्य सरकार ने बाहर के अस्पतालों में मरीजों को ले जाने के लिए 55,000 रुपये प्रति उड़ान घंटे की दर तय की है, जिससे जरूरतमंद लोग समय पर उचित इलाज प्राप्त कर सकें।

**एयर एंबुलेंस सेवा के तय रूट और किराए**

रांची- दिल्ली : 3.30 लाख
रांची- मुंबई : 4.40 लाख
रांची- चेन्नई : 3.85 लाख
रांची- कोलकाता : 1.10 लाख
रांची- हैदराबाद : 3.02 लाख
रांची- वाराणसी : 1.37 लाख
रांची- लखनऊ : 2.20 लाख
रांची- तिरुपति : 3.85 लाख

फिक्स्ड विंग एयरक्राफ्ट सी-90 से संभव हो रहा त्वरित इलाजः सरकार की ओर से उपलब्ध फिक्स्ड विंग एयरक्राफ्ट सी 90 की मदद से एक मरीज और दो परिजन एक साथ सफर कर सकते हैं। यह सुविधा मरीजों को न केवल तेजी से इलाज तक पहुंचाने में मदद कर रही है, बल्कि जीवन रक्षा की दिशा में एक बड़ा कदम साबित हो रही है। मुख्यमंत्री की इस पहल को लेकर जनसाधारण में सकारात्मक प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। यह सेवा झारखंड की स्वास्थ्य व्यवस्था में एक क्रांतिकारी परिवर्तन के रूप में उभरी है, जिससे सैकड़ों जिंदगियों को नई उम्मीद और राहत मिली है।

## बिहार व यूपी जानेवाली किसी भी ट्रेन में सीट नहीं, यात्री परेशान

### तत्काल में भी टिकट उपलब्ध नहीं

संवाददाता



**रांचीः** होली को लेकर बिहार व यूपी जानेवाली ट्रेनों में सीट उपलब्ध नहीं है। यात्री परेशान हैं और जैसे-तैसे अपने गंतव्य के लिए जा रहे हैं। रांची-गोरखपुर मौर्य एक्सप्रेस में मंगलवार को किसी भी श्रेणी के अलावा तत्काल में भी टिकट उपलब्ध नहीं है। रांची-जयनगर ट्रेन में मंगलवार को स्लीपर में 100 वेटिंग है। थर्ड एसी में 39 व सेकेंड एसी में 16 वेटिंग है। वहीं बुधवार को रांची से जयनगर के लिए खुलनेवाली स्पेशल में सभी श्रेणी में सीट उपलब्ध है। सिकंदराबाद-दरभंगा ट्रेन के किसी भी श्रेणी में सीट उपलब्ध नहीं है। स्लीपर व सेकेंड एसी में रिग्रेट है। केवल तत्काल में कुछ सीट उपलब्ध है। 13 मार्च को खुलनेवाली रांची-जयनगर के स्लीपर क्लास में 39, थर्ड एसी में 27 व सेकेंड एसी में 17 वेटिंग है। मंगलवार को खुलनेवाली 18626 हटिया-पटना एक्सप्रेस के स्लीपर में 73, सेकेंड एसी में 15, थर्ड एसी में 26 वेटिंग है। बुधवार को खुलनेवाली इस ट्रेन के स्लीपर क्लास में रिग्रेट है। टू एस, सीसी व जेनरल में सीट नहीं है। थर्ड एसी में 44 व सेकेंड एसी में 20 वेटिंग है। वहीं 12 को रांची से पटना के लिए चलनेवाली होली स्पेशल में सीट उपलब्ध नहीं है। वहीं 13 को रांची से पटना के लिए खुलनेवाली होली स्पेशल में भी वेटिंग चल रही है। 13 को खुलनेवाली 18626 हटिया-पटना एक्सप्रेस के सेकेंड एसी व थर्ड में वेटिंग है। वहीं स्लीपर,सीसी,टू एस में रिग्रेट है। कई ट्रेनों में लगभग दो गुणा दाम देने पर कंफर्म टिकट उपलब्ध है। वहीं मंगलवार को खुलनेवाली 18624 हटिया-पटना इस्लामपुर एक्सप्रेस के स्लीपर में 138 वेटिंग, थर्ड एसी में 48, सेकंड एसी में 19, फर्स्ट एसी में 3 वेटिंग है। तत्काल में भी वेटिंग है। 18624 हटिया पटना इस्लामपुर एक्सप्रेस में 12 मार्च को स्लीपर में 229 वेटिंग, थर्ड एसी में 88, सेकंड एसी में 36 वही फर्स्ट एसी में 4 वेटिंग है, वहीं इसी ट्रेन में 13 मार्च को स्लीपर में 59, थर्ड एसी में 50 और सेकेंड एसी में 7 वेटिंग है। वहीं मंगलवार को खुलनेवाली 18622 हटिया-पटना पाटलिपुत्र एक्सप्रेस के स्लीपर में 72, थर्ड एसी में 18 वेटिंग है। वहीं 13 मार्च को स्लीपर में 28 टिकट उपलब्ध है और थर्ड एसी में 14 वेटिंग है।

## पंचनामा के बाद हाथी को दफनाया गया

### ट्रेन की चपेट में आने से हाथी की मौत हो गयी थी



**मुरी :** कीता स्टेशन के समीप रेलवे लाइन पर बीती सन्ध्या ट्रेन की चपेट में आए मृतक हाथी को वन विभाग ने जेसीबी मशीन से खींच कर खेत की ओर लाकर उसका पंचनामा बनाया और गड्ढा खोद कर दफना दिया । इससे पहले ग्रामीणों ने मृत हाथी का पूजा अर्चना की। सिंदूर लगाया और भावुक मन से गड्ढे में डाला।य ाह घटना सिल्ली प्रखंड के रांची मुरी रेलखंड के जोन्हा कीता के बीच जंगली हाथी ट्रेन के चपेट में आने से एक जंगली हाथी की हुई। । इससे डाउन लाइन बाधित हो गया । डेढ़ घंटे बाद आवागमन समान्य हो पाया । रेलवे लाइन से मृतक हाथी को हटाने में ग्रामीणों ने काफी मदद की। घटना कुलसुद और हेसाडीह गांव के समीप हुआ। पोल संख्या 370/46-370/44 डाउन लाइन में घटी। बताया गया है कि यह हाथी लाइन पर ही खडा था,रेल लाइन काफी टर्निंग लिए हुए है। सीधा सीधी रहने से हाथी बच सकता था। ज्ञात हो कि इस जगह से बराबर हाथियों का झुंड पार होता है। रेल प्रशासन हालत को सामान्य करने में लगा है। सूत्रो के अनुसार झारसुगुड़ा टाटा के चपेट में सन्ध्या सात बजे करीब डाउन लाइन में हाथी लाइन पर खड़ा था। मौके पर वन विभाग, रेलवे आरपीएफ, प्रखंड के पशुपालन पदाधिकारी एवं आस पास के ग्रामीण मौजूद थे।

## श्याम बाबा के भक्तों ने अर्पण किया निशान



**गोविंदपुरः** यह निशान है खाटूवाले का इसको हाथों में उठा लेना, तेरा काम नहीं रुकने वाला , श्याम तेरे भजनों में मस्ती का खजाना है, यह मस्ती उससे मिलती है, जो तेरा दीवाना है आदि भजनों के साथ श्री श्याम बाल मंडल गोविंदपुर द्वारा आयोजित 13वां श्री श्याम फाल्गुन महोत्सव निसान अर्पण के साथ संपन्न हुआ। नौ मार्च को बाबा श्याम का भव्य कीर्तन हुआ। इसमें पिंटू शर्मा, पंकज मोदी, नीरज सांवरिया व बुलबुल केजरीवाल ने एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत किया।

**131 निशान अर्पित किये गये :** बाबा श्याम के साथ फूलों की होली खोली गयी। सोमवार की सुबह गोविंदपुर से भक्त झूमते गाते व गुलाल की होली खेलते हुए नारायणी धाम पहुंचे व बाबा श्याम को 131 निसान अर्पण किया। 56 छप्पन भोग लगाया गया। कार्यक्रम का सफल बनाने में किशन अग्रवाल, पवन लोधा, अनिल अग्रवाल, सुनील सरिया, ओमप्रकाश बजाज, जयप्रकाश मित्तल, राजेश संघी, बाल मंडल अध्यक्ष सौरभ बजाज, सचिव कुणाल केजरीवाल, विजय संघी, मनमीत गुप्ता, गिरिराज तापड़िया, कृष्णा अग्रवाल, गोपाल अग्रवाल, शिवम अग्रवाल, हर्ष हेलीवाल, राहुल दुदानी, कौशिक अग्रवाल, साहिल सरिया आदि का योगदान रहा।

### शिव मंडा पूजा समिति, चुटिया

# राजकुमार महतो अध्यक्ष व पद्मश्री मुकुंद नायक बने मुख्य संरक्षक

मेट्रो रेज



**रांचीः** शिव मंडा पूजा समिति, चुटिया, रांची की एक आम बैठक समिति के संरक्षक राधेश्याम केसरी की अध्यक्षता में राम, लखन, जानकी स्मृति भवन, महादेव मंडा के प्रांगण में संपन्न हुआ। वर्ष 2024-25 का लेखा जोखा प्रस्तुत किया गया जो सर्व सहमति से पारित हुआ। साथ ही इस वर्ष शिव मंडा पूजा धूमधाम से मनाने के लिए मंदिर के पुजारी पं। हरिमोहन पांडे ने पूजन कार्यक्रमों की घोषणा की और सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया जो निम्नलिखित है।

**पूजन कार्यक्रम**

1. डगरः 01अप्रैल से
2. मुंडनः 06 अप्रैल को
3. उत्तरी एवं शिव बारातः 07 अप्रैल
4. रात्रि शोभायात्राः 08 अप्रैल से 12 अप्रैल तक
5. जागरण एवं फुलकुंदीः 13 अप्रैल को
6।. शोभायात्रा सह झूलनः 14 अप्रैल को
7. छठीः 15 अप्रैल को

**नई कार्यकारिणी**

**मुख्य संरक्षकः** पद्मश्री मुकुंद नायक, विजय साहू, मदन केसरी, विजय तिर्की, राधेश्याम केसरी, सुरेश साहू, मदन सिंह

संरक्षकः रामवृत्त महतो, लालो महतो, प्रमोद गोप, मनपुरण नायक, रामलखन महतो, संजय प्रसाद, कैलाश केसरी, लखन महतो, नंदू ठाकुर, अरविंद कुमार, वीरू साहू, मदन मुंडा, रविंद्र प्रसाद, सरवन महतो, राम उरांव, रामशरन तिर्की, अनिल रंजन चौधरी, दिलीप साहू, गोपाल ठाकुर

**अध्यक्षः** राजकुमार महतो

**कार्यकारी अध्यक्षः** रवि गोप, उदय पासवान

**महामंत्रीः** मनोज गोप (चुन्नू)

**वरीय उपाध्यक्षः** मिथिलेश गोप, भोला चौधरी, धनंजय सिंह, मनोज गोप, धर्मेंद्र सोनी, विक्रम साहू, अंकित केसरी, पंकज केसरी

**उपाध्यक्षः** अनूप ठाकुर, गुल्लू गोप, कौशल चौधरी, बद्री विशाल, अमित साहू, गौतम महतो, राजेंद्र केसरी, रामदेव लोहरा, जसवंत प्रसाद, आयुष कश्यप, सुधीर महतो, तपन कुमार महतो, महावीर रजक, सुमित महतो, सूरज मुंडा, सुनील महतो (बाबा) धनंजय ठाकुर, बादल महतो, विकास राम लोहार, उपेंद्र सिंह, रवि महतो, कृष्णा साहू (गुड्डू), संदीप चौधरी, प्रेम साहू

**मंत्रीः** दिलीप गोप, कुलदीप साहू, प्रतीक चौधरी, शिवम केसरी, शिवम सिंह, बबलू वर्मा, सकलदीप सिंह, अमित केसरी, कृष्ण गोप, कुलदीप लोहरा, अजीत गोप, अमरदेव महतो, सूरज रजक, ललन चौधरी, रूपेश केसरी, धंजू नायक, किशोर नायक, शिवम गोप, अमर चौधरी, अमित लोहरा, शत्रु नायक, नवीन महतो, आकाश साहू, आलोक गुप्ता, रितेश गोप, नवीन महतो

**संगठन मंत्रीः** राजू राम लोहरा, सोनू साहू, सुबोध साहू, सुरेश मुण्डा, अमन केसरी, अंकित आनंद केसरी, विवेक कुमार महतो, गोपाल साहू, बृजेश पांडेय, सूरज केसरी, रवि प्रकाश गोप, सुमित कुमार महतो, गोपाल महतो, अभिषेक महतो, रमेश साहू, रमेश महतो, पवन साहू, अंकित सिंह, राजा साहू, अमन गोप, सोनू साहू, संजय वर्मा

**कोषाध्यक्षः** रणजीत राम

**सह कोषाध्यक्षः** राजू गोप

**प्रचार मंत्रीः** विनय कुमार महतो

**अंकेक्षकः** अजीत कुमार साहू

**कार्यकारी सदस्यः** भाविक कुमार यादव, यश आरभ यादव, करण कुमार महतो, रवि कुमार सिंह, काली चौधरी, विकास गोप, आनंद केसरी, शेखर प्रसाद, नितेश कुमार, मोहित कुमार महतो, आर्यन कुमार महतो, मुन्नीलाल साहू, पिंटू साहू, आदित्य राज महतो, संजय सिंह, भूपेंद्र सिंह, दीपाशीष कुमार, आयुष सिंह, राहुल सिंह, विनीत, सोहित शर्मा, रेहान, विपिन, शुभम केसरी, अमन साहू, संदीप साहू, नितिन कुमार, अशोक कुमार, नितेश गोप, नीरज शर्मा, मयंक शर्मा, विकास सिंह, उमेश महतो, अमन श्रीवास्तव, शुभम सिंह, अभी साहू, आकाश साहू, रौनक साहू, नितेश ठाकुर, आदित्य कुमार, विशाल कुमार, अंश साहू, गोविंद चौधरी, अरविंद सिंह, शानू ठाकुर, सुधीर महतो, रौशन महतो, अमित केसरी, रंजीत बडाईक, शुभम केसरी, मनोज सोनी व अन्य।

# विधानसभा में गूंजा अमन साव के एनकाउंटर का मामला, सरयू राय ने सरकार से मांगा स्पष्टीकरण



**संवाददाता**

**रांची :** झारखंड विधानसभा में आज मंगलवार को सदन की कार्यवाही के 11वें दिन गैंगस्टर अमन साव के एनकाउंटर का मामला उठा है। जदयू विधायक सरयू राय ने इस मामले पर सरकार से सपष्टीकरण मांगा है। उन्होंने कहा कि सरकार को यह बताना चाहिए कि कैसे उसका एनकाउंटर हुआ है, इसकी पूरी डिटेल्स जानकारी सदन में रखनी चाहिए। वहीं, मंत्री ने कहा कानून व्यवस्था से ऊपर उठने वालों को हमारी पुलिस सख्ती से निपटेगी। पलामू में गैंगेस्टर अमन साव पुलिस एनकाउंटर में ढेर हो गया।

**सरकार को स्पष्ट जानकारी देनी चाहिए:** सरयू राय सदन में जमशेदपुर पश्चिमी से विधायक सरयू राय ने कहा कि आज के सभी मीडियो चैनलों में प्रमुखता से खबर आयी कि अपराधी अमन साव को पुलिस ने एनकाउंटर में मार गिराया। सरकार को इस पूरी घटना पर स्पष्ट जानकारी देनी चाहिए। वहीं, इस मामले पर मंत्री सुदिव्य सोनू ने कहा कि झारखंड में कानून का राज है। पुलिस अपने तरीके से लड़ रही है। आत्मरक्षा में गोली चलाना गलत नहीं है। जो कानून व्यवस्था से बड़े बनेंगे, उसे हमारी पुलिस और सरकार सख्ती से निपटेगी।

रांची और हजारीबाग में गोलीकांड में आया था अमन साव का नामः अमन साव का नाम रांची के कोयला कारोबारी विपिन मिश्रा और हजारीबाग एनटीपीसी के अधिकारी कुमार गौरव पर हुई गोलीबारी से जुड़ रहा था। इसी सिलसिले में पूछताछ के लिए पुलिस के जवान रायपुर से रांची ला रहे थे। इस दौरान अपराधी अमन साव पुलिस के जवानों से हथियार छीनकर भागने लगा। जवाबी कार्रवाई में पुलिस के जवानों ने गोली चली दी। जिससे उसकी मौत हो गयी। सोमवार को ही सदन में रांची विधायक सीपी सिंह ने झारखंड डीजीपी की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर दिये थे।

## सुदीप गुड़िया ने सदन में उठाया पेयजलापूर्ति का मुद्दा

**गुड़िया** अपने विधानसभा क्षेत्र के लोगों को योजनाओं से जोड़ने और समस्याओं का समाधान के लिए लगातार प्रयास करते दिखाई दे रहे हैं। विधानसभा सत्र के शून्यकाल के दौरान सुदीप गुड़िया ने हाल ही सड़कों के निर्माण पर सवाल उठाया था। उसके बाद खूंटी सिमडेगा पथ के निर्माण में गुणवत्ता आई। विधायक ने विधानसभा में तोरपा वासियों के लिए पानी की उपलब्धता बढ़ाने की मांग की।

विधानसभा में शून्यकाल के दौरान सुदीप गुड़िया ने तोरपा प्रखंड में पेयजलापूर्ति संकट का मुद्दा उठाया। उन्होंने बताया कि कारो नदी से तोरपा पंचायत (पूर्वी और पश्चिमी) अम्मा पंचायत, मरचा पंचायत, उड़ीकेल पंचायत और दियांकेल पंचायत के 3 हजार से ज्यादा घरों में जलापूर्ति होती है। नदी पर 2 इंटेक वेल बने हैं। तीसरा इंटेक वेल भी बनाया जा रहा है। गर्मी में नदी का जलस्तर नीचे चला जाता है। इससे जलापूर्ति प्रभावित होती है।

पानी स्टोर करने के लिए छलका डैम बनाने की मांगः विधायक सुदीप गुड़िया ने सदन में मांग रखी कि नदी में पानी स्टोर करने के लिए छलका डैम बनाया जाए, ताकि लोगों को निर्बाध जलापूर्ति मिल सके। मालूम हो कि कारो नदी में छलका डैम बनाने की मांग पिछले कई वर्षों से लंबित है। ग्रामीणों के द्वारा जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों से इस बाबत मांग भी की गई है लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं हुई।

## हटिया में अतिक्रमण हटाओ अभियान, कई अवैध निर्माण ध्वस्त



**संवाददाता**

**रांची :** राजधानी रांची के हटिया क्षेत्र में नगर निगम द्वारा बड़े पैमाने पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इस दौरान कई अवैध निर्माण तोड़ा गया और सड़क किनारे के अतिक्रमण को हटाया गया। अभियान में रांची नगर निगम की टीम के साथ जिला प्रशासन और पुलिस बल भी मौजूद रही।

अभियान के दौरान अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि रांची को स्वच्छ और सुव्यवस्थित बनाने के लिए इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। नगर निगम के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, स्वच्छ भारत मिशन और रांची स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत शहर को अतिक्रमण मुक्त करना हमारी प्राथमिकता है। हटिया समेत अन्य इलाकों में अवैध कब्जों को हटाने की कार्रवाई तेज की जाएगी।

**व्यापारियों और स्थानीय लोगों में नाराजगी :** इस कार्रवाई के दौरान कई स्थानीय दुकानदारों और व्यापारियों ने विरोध भी जताया। उनका कहना था कि प्रशासन ने बिना किसी पूर्व सूचना के उनकी दुकानों को हटा दिया, जिससे उनका रोजगार प्रभावित हुआ है। वहीं, प्रशासन का दावा है कि कई बार चेतावनी देने के बावजूद अतिक्रमण हटाया नहीं गया, जिसके कारण यह सख्त कदम उठाना पड़ा।

सड़कें होंगी चौड़ी, यातायात होगा सुगमः नगर निगम अधिकारियों के अनुसार, इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सड़क को चौड़ा करना और ट्रैफिक जाम की समस्या को कम करना है। हटिया क्षेत्र में अक्सर अवैध ठेले और दुकानें सड़क पर कब्जा कर लेती थीं, जिससे आम जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था। प्रशासन की अपीलः रांची नगर निगम ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने अवैध निर्माणों को स्वयं हटा लें, ताकि जबरन कार्रवाई से बचा जा सके। साथ ही, यह भी कहा गया है कि भविष्य में यदि कोई दोबारा अतिक्रमण करता पाया गया, तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



## देवेन्द्र नाथ महतो ने सीसीएल एन के एरिया डकरा जीएम को सौंपा मांगपत्र

**रांची:** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा केंद्रीय वरीय उपाध्यक्ष सह पूर्व प्रत्याशी रांची लोकसभा सिल्ली विधान देवेन्द्र नाथ महतो ने सेंट्रल कोल्डफील्ड लिमिटेड पिपरवार रांची महा प्रबंधक को मांग पत्र सौंपा। मौके पर देवेन्द्र नाथ महतो ने बताया कि सेंट्रल कोल्डफील्ड लिमिटेड परिचालन उतरी करणपुरा ( एनके एरिया ) क्षेत्र अंतर्गत प्रमुख परियोजना चूरी अंडरग्राउंड, डकरा बुकबुका ओपन कास्ट, केडीएच ओपन कास्ट , करकट्टा ओपन कास्ट, रोहिणी ओपन कास्ट, पूणार्डीह ओपन कास्ट क्षेत्र के विस्थापित और प्रभावित रैयत तथा कार्यरत स्थाई - अस्थाई मजदूरों से संबंधित मांग है।

साथ ही मौके पर उन्होंने कहा कि उक्त जनहित मांग को तत्काल पूरी की जाये अन्यथा जेएलकेएम पार्टी चरणबद्ध आंदोलन करेगा।

## महानगर महावीर मंडल की बैठक में खूब उड़े अबीर गुलाल

### संकट मोचन मंदिर में बने नवनिर्मित सभागार का उद्घाटन द्वारिका पीठ के शंकराचार्य श्री सरस्वती जी महाराज करेंगे



**संवाददाता**

**रांची:** मेन रोड स्थित संकट मोचन मंदिर के तीसरे तल्ले पर श्री महावीर मंडल रांची महानगर की बैठक मंडल अध्यक्ष कुणाल अजमानी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई । जिसमें संकट मोचन मंदिर के तीसरे तल्ला में नवनिर्मित सभागार स्व तिलकराज अजमानी की स्मृति में उनके पुत्र कुणाल अजमानी द्वारा बनाया गया। जिसका उद्घाटन द्वारिका पीठ के शंकराचार्य श्री सरस्वती जी महाराज एवं 1008 महामंडलेश्वर श्री सूरज नारायण त्यागी जी करकमलों द्वारा किया जाएगा । साथ ही रामनवमी की तैयारी के संबंध में चर्चा की गयी एवं होली के बाद नय सत्र के चुनाव की तिथि की घोषणा की जाएगी । ततपश्चात सभी पदाधिकारियों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी । बैठक में मंडल के संयोजक डॉ दिलीप सोनी , उपाध्यक्ष राजेश्वर राजन , रवि प्रकाश टुन्ना,महेश सोनी , प्रवक्ता बादल सिंह, अनिल कुमार केशरी , श्याम बाबा , ललित चौधरी , अमरनाथ सरकार , सुधीर अखोरी ,अमन जायसवाल, अमन कुमार सिंह आदि लोग उपस्थित रहे। उक्त जानकारी बादल सिंह ने दी।

## श्रीराधा वल्लभ मंदिर से निकाली निशान शोभायात्रा

**रांची:** फागण आयो रे नंदलाल काहे तू नहीं आयो रे जैसे भजनों पर भक्त झूम उठे. अवसर था श्री श्याम संघ द्वारा श्रीराधा वल्लभ मंदिर, अपर बाजार से निकाली गयी निशान शोभायात्रा का। मुख्य यजमान संजीव विजयवर्गीय थे। निशान यात्रा जेजे रोड, शहीद चौक, कुंजलाल स्ट्रीट, मारवाड़ी टोला, इस्ट मार्केट रोड, कार्टसराय रोड होते हुए श्याम मंदिर, अग्रसेन पथ पहुंची।

**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

**ई-निविदा सूचना संख्या 241-24-25, दिनांक 10.03.2025.** मंडल रेल प्रबंधक, उत्तर पश्चिम रेलवे बीकानेर भारत के राष्ट्रपति की ओर से इच्छुक ठेकेदारों से निम्न लिखित कार्य के लिए दिनांक **29.03.2025 को 14.00 बजे तक खुली** ई-निविदा आमंत्रित करते है :- **निविदा संख्या: 241. कार्य का नाम व स्थानः** सहायक मंडल इंजीनियर, रतनगढ़ के नियंत्रण में बीकानेर मंडल पर 203 नम्बर कर्वों पर ट्रेक माउण्टेड ऑटोमेटिक गेज फेश लुब्रिकेटर को इन्स्टॉल करने का कार्य। **अनुमानित लागत मूल्यः ₹ 15322846 6.09. धरोहर राशिः ₹ 916200/-. नोटः** अन्य शर्तें रेलवे की वेब साइट **www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है।

301-AR/25

/NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

## आईएचएस के पूर्व कर्मी की हत्या का आरोपी गिरफ्तार

### शराब पीने के दौरान चलाई थी गोली

**रांची :** कांके थाना क्षेत्र के रिंग रोड स्थित इंस्टिट्यूट ऑफ हेल्थ साइंसेज के पूर्व कर्मी पर गोलीबारी करने वाले आरोपी को रांची पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान पंकज सिंह के रूप में हुई है और वह सुरक्षा गार्ड का काम करता है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त अवैध पिस्टल और मोबाइल फोन भी बरामद किया है। गिरफ्तार अभियुक्त से पूछताछ की जा रही है।

शराब पीने के दौरान चली गोलीः मिली जानकारी के अनुसार इंस्टिट्यूट ऑफ हेल्थ साइंसेज (आईएचएस) के पूर्व कर्मचारी जितेंद्र कुमार को सोमवार की रात गोली मारकर घायल कर दिया गया था। सुरक्षा गार्ड पंकज सिंह और अन्य कर्मी शराब पी रहे थे। इसी दौरान गलती से हथियार से गोली चल गयी थी। जिसमें जितेंद्र सिंह जख्मी हो गया था। उसका इलाज रांची के रिम्स में चल रहा है और वह खतरे से बाहर है। जख्मी जितेंद्र सिंह के बयान पर प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया है। अनुसंधान के क्रम में गोली चलाने वाले व्यक्ति पंकज सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## रांची रिग ऑनर एसोसिएशन ने किया होली मिलन समारोह का आयोजन



**संवाददाता**

**रांचीः** रांची रिग ऑनर एसोसिएशन के तत्वावधान में रिंग रोड दलादली चौक के निकट धूमधाम से होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया।

इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में एटलस कॉपिको के प्रतिनिधि अश्विनी जैना,छात्र क्लब ग्रुप के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवकिशोर शर्मा विशेष रूप से मौजूद थे। इस मौके पर भक्तिमय जागरण का भी आयोजन हुआ। एसोसिएशन के सभी पदाधिकारियों ने एक दूसरे को रंग अबीर लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। मौके पर सभी लोगों ने तिलक होली खेलने और जल बर्बाद नहीं करने की लोगों से अपील की। इस समारोह को सफल बनाने में मुख्यरूप से अध्यक्ष महेश चंद्रा, गगन शर्मा,जितेंद्र सिंह,विनोद वर्मा,रवि वर्मा,गुड्डू जायसवाल, मिठू सोनी,प्रदीप प्रसाद,मयंक राज,रोमित तिर्की,दीपक कुमार, छोटू चौधरी,चंदरू जी,राहुल गोप,पंकज चौधरी,प्रशांत कुमार बबलू व अन्य ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**झारखण्ड सरकार**

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**

**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, खूँटी**

**चाईबासा रोड, खूँटी, पिन- 835210**

**फोन नं० - 06528-299928**

**(Email Id – eedwsd.khunti@gmail.com)**

**भाव निरस्त पत्र**

इस कार्यालय के द्वारा प्रकाशित भावपत्र (कार्य का नाम:– जिला स्तरीय जल जाँच प्रयोगशाला में Chemical(CRM) का क्रय किये जाने हेतु भाव पत्र (कोटेशन) आनंत्रित किया गया है) जिसका P.R. No.– 347998 Drinking Water & Sanitation (24-25)_D, दिनांक- 07.03.2025 के द्वारा प्रकाशित एवं प्रचारित को अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

(ई० सुरेन्द्र कुमार दिनकर)
कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, खूँटी

PR 348269 Drinking Water and Sanitation (24-25)_D

## चल श्याम धणी के द्वार रंगीला फागुण आया है,भजनों से गूंजा श्री श्याम मंदिर



**रांची:** चल श्याम धणी के द्वार रंगीला फागुण आया है,सहित अन्य भजनों से अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर गूंज रहा था। श्री श्याम मंडल की ओर से आयोजित तीन दिवसीय फागुण सतरंगी महोत्सव के दूसरे दिन काफी संख्या में भक्त बाबा के दरबार में हाजिरी लगाने आये थे। महोत्सव को लेकर पूरे मंदिर को सजाया-संवारा गया है। वहीं एकादशी का विशेष श्रृंगार देखते ही बन रहा था। रात्रि नौ बजे मंडल के अध्यक्ष ने भक्तों का स्वागत कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

श्री श्याम प्रभु को खीर चूरमा व छप्पन भोग निवेदित किया गयाः इस अवसर पर 21वें बसंतोत्सव भजन पुस्तिका का विमोचन वन बंधु परिषद के अध्यक्ष रमेश धरणीधरका द्वारा किया गया। श्री श्याम प्रभु के जयकारे के बीच ज्योत प्रज्वलित कर श्री श्याम प्रभु को प्रिय खीर चूरमा व छप्पन भोग निवेदित किया गया। सर्वप्रथम मंडल के सदस्यों द्वारा गणेश वंदना के साथ संगीतमय संकीर्तन प्रारंभ किया गया। जब-जब मुझको श्याम तेरी दरकार पड़ी तू नीले चढ़ कर आया लेकर मोर छड़ी , होली आयी-होली आयी, श्याम तेरे भक्तों में मस्ती छायी, मांगा है मैंने श्याम से वरदान एक ही, तेरी कृपा बनी रहे, जब तक है जिंदगी सहित अन्य भजन गाकर भक्त दरबार में थिरक रहे थे। वहीं फूलों संग होली खेलकर भावविभोर हो रहे थे। रात्रि एक बजे प्रसाद वितरण व महाआरती के पश्चात कार्यक्रम का समापन हुआ। महोत्सव को सफल बनाने में धीरज बंका, नितेश केजरीवाल, महेश शर्मा, अजय साबू, नितेश लाखोटिया, राजेश सारस्वत, प्रियांश पोद्दार, अमित जालान, अरुण धनुका, गोविंद सारस्वत सहित अन्य का सहयोग रहा।श्रीराधा वल्लभ मंदिर, रांची से निकाली गयी निशान शोभायात्रा, फागण आयो रे नंदलाल काहे तू नहीं आयो रे जैसे गीतों पर झूम उठे श्रद्धालु।

## होली को लेकर लगातार 4 दिन बंद रहेंगे सरकारी कार्यालय और स्कूल, विधानसभा सत्र भी 5 दिन स्थगित

**रांची :** होली की छुट्टी को लेकर झारखंड में कितने दिनों की सरकारी छुट्टी है। किस किस दिन छुट्टी है ? इसे लेकर लोगों में अभी भी असमंजस की स्थिति है। अगर आप भी इसी उलझन में है तो हम आपकी इस परेशानी को दूर करेंगे। दरअसल कार्मिक विभाग ने दो दिन 13 और 14 मार्च को होली की छुट्टी रखी है। लेकिन 15 को शनिवार और 16 को रविवार पड़ रहा है। शनिवार और रविवार को वैसे भी सचिवालय कर्मियों की छुट्टी रहती है। इस तरह से सरकारी कर्मी लगातार चार दिन छुट्टी का आनंद ले सकेंगे।

**अधिकतर प्राइवेट स्कूलों में 13 से 15 मार्च तक छुट्टी :** वहीं, शास्त्र के अनुसार होली 15 मार्च को रखी गयी है। ऐसे में उस दिन बैंक समेत तमाम सरकारी कार्यालयों में कर्मचारियों की उपस्थिति कम ही देखने को मिलेगी। हालांकि, बैंक कर्मचारियों ने यूनियन के माध्यम से सरकार को होली की छुट्टी बिहार की तरह 14-15 मार्च को करने की मांग की है। वहीं, अधिकतर प्राइवेट स्कूलों में भी 13 से 15 मार्च तक होली की छुट्टी दी गयी है। 16 मार्च को रविवार है। ऐसे में आप कह सकते हैं कि होली की छुट्टी लगातार 4 दिन मिल रही है। विधानसभा की कार्यवाही 12 से 17 मार्च तक स्थगितः होली का असर झारखंड विधानसभा के सत्र पर भी पड़ रहा है। विधानसभा की छुट्टी होने की वजह से सदन की कार्यवाही 12 से 17 मार्च तक स्थगित रहेगी। इससे पहले 16 मार्च तक ही होली की कार्यवाही स्थगित थी। लेकिन बाद में सर्वसम्मति से इस पर निर्णय लेते हुए सदन की कार्यवाही 17 मार्च को भी स्थगित कर दी गयी। 17 मार्च को होने वाली सदन की कार्यवाही 22 मार्च को होगी। जबकि 22 मार्च को शनिवार होने की वजह से पूर्व में छुट्टी निर्धारित की गई थी।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, खूँटी**

चाईबासा रोड, खूँटी, पिन–835210, फोन नं०–06528-299928

**(Email Id – eedwsd.khunti@gmail.com)**

पत्रांक........................./ दिनांक......................./

**–:: अति अल्पावधि भाव आमंत्रण सूचना ::– (द्वितीय आमंत्रण)**

मुख्य अभियंता–सह–कार्यकारी निदेशक प्रोग्राम मैनजमेंट यूनिट (राज्य जल एवं स्वच्छता मिशन) पेयजल एवं स्वच्छता, विभाग झारखण्ड राँची का पत्रांक Chemicals Procurement (B)-27/2023-186/SWM दिनांक 05.03.2025 के अनुपालन में जिला स्तरीय जल जाँच प्रयोगशाला में Chemical(CRM) का क्रय किया जाना है। उक्त सामग्री का निम्न अंकित Chemicals Procurement के अनुरूप निबंधित दुकानदार/ डिलर से आपूर्ति करने हेतु भाव पत्र (कोटेशन) आमंत्रित किया जाता है। Chemicals Procurement की जाने वाली सामग्रीयों के दर के साथ भाव पत्र से दिनांक 17.03.2025 को 01:00 बजे अपराह्न तक बंद लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय मे जमा की जाएगी। अधोहस्ताक्षरी द्वारा उनके कार्यालय कक्ष में जमा सभी बन्द लिफाफों को दिनांक – 17.03.2025 को 04:00 बजे अपराह्न में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में खोला जाएगा। इस कार्य हेतु मुख्य अभियंता–सह–कार्यकारी निदेशक (PMU) का निर्देश प्राप्त है।

| Sl. No. | Name of Chemical (CRM) | Specification of CRM/SRM to be supply | Qty | Quoted Rate by Bidder in per Unit with taxes | | Date of Opening of Quatation |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | Rate in Figure | Rate in Words | |
| 1. | Standard Buffer pH 4.01s | CRM/SRM must be NIST Traceable with Uncertainty of Measurement (UOM) validty period at least - 3 years with certificate) - 500ml | 01 | | | 17.03.2025 को 04:00 बजे अपराह्न |
| 2. | Standard Buffer pH 9.18 | CRM/SRM must be NIST Traceable with Uncertainty of Measurement (UOM) validty period at least - 3 years with certificate) - 500ml | 01 | | | |
| 3. | Sodium Chloride (Nacl) | CRM/SRM must be NIST Traceable with Uncertainty of Measurement (UOM) validty period at least - 3 years with certificate) - 500ml | 01 | | | |
| 4. | Sodium Carbonate | CRM/SRM must be NIST Traceable with Uncertainty of Measurement (UOM) validty period at least - 3 years with certificate) - 500ml | 01 | | | |

नोटः– इस नोटिस से संबंधित विस्तृत जानकारी हेतु पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, खूँटी के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, खूँटी

PR 348266 (Drinking Water and Sanitation)24-25*D

## सुविचार

मेहनत करने से दरिद्रता नहीं रहती, धर्म करने से पाप नहीं रहता, मौन रहने से कलह नहीं होता।

## क्या चाहते हैं राहुल

**कांग्रेस नेता** राहुल गांधी ने अहमदाबाद में पार्टी कार्यकताओं को संबोधित करते हुए जिस तरह की साफगोई दिखाई, उसे उनके किसी सामान्य बयान की तरह नहीं लिया जा सकता। सार्वजनिक तौर पर पार्टी नेताओं के एक हिस्से को विरोधी पार्टी से मिलीभगत का दोषी बताना किसी भी नेतृत्व के लिए जोखिम भरा काम है। कांग्रेस नेतृत्व ने यह जोखिम सोच-समझ कर ही उठाया होगा, लेकिन इसके पीछे वास्तव में उसकी कितनी तैयारी है, यह पार्टी के आगामी कदमों से स्पष्ट होगा। राहुल गांधी के बयान की कुछ बातें खास तौर से ध्यान देने लायक हैं। मसलन- उन्होंने पार्टी की विचारधारा को सर्वोच्च कसौटी बनाने की बात कहते हुए कार्यकर्ताओं से कहा कि इसे वे चुनावी हार-जीत से जोड़कर न देखें। जाहिर है, उनकी नजर इस बात पर है कि कांग्रेस सही अर्थों में बीजेपी का विकल्प बनी रहे। ध्यान देने की बात है कि राहुल गांधी अपने भाषणों में बीजेपी के मौजूदा नेतृत्व की या बीजेपी की ही आलोचना तक खुद को सीमित नहीं रखते। वह बहस को सावरकर बनाम गांधी और संघ बनाम कांग्रेस की ओर ले जाने की कोशिश लगातार करते रहे हैं। विपक्षी ब्लॉक इंडिया के अन्य दल और नेता इस मामले में उतने आक्रामक नहीं दिखते। इस लिहाज से अहमदाबाद में कही गई राहुल गांधी की बातें उनके दीर्घकालिक नजरिए के अनुरूप ही हैं। अगर राहुल गांधी कांग्रेस पार्टी को अपनी इस लाइन पर संगठित करते हुए कथित बीजेपी समर्थक मन-मिजाज वाले नेताओं से पार्टी को मुक्त कर लेते हैं तो वोटरों के लिहाज से यह इस मायने में अच्छा होगा कि उनके सामने दोनों विकल्प पूरी तरह स्पष्ट होंगे। वे चाहें तो भारतीयता को लेकर संघ की दृष्टि को चुनें या कांग्रेस के नजरिए से सहमति दिखाएं या बारी-बारी दोनों को आजमाते रहें। लेकिन ऐसा नहीं होगा कि एक के भ्रम में दूसरे को चुन लें और छला हुआ महसूस करें। बहरहाल, एक राजनीतिक दल के रूप में कांग्रेस को हर चुनाव का सामना करना है। ऐसे में उसका नेतृत्व चाहे या न चाहे उसके हर कदम, हर फैसले को चुनावी कसौटी से गुजरना ही होगा। राहुल गांधी के ताजा बयान की भी सबसे बड़ी परीक्षा यही होगी कि दो साल बाद होने वाले गुजरात विधानसभा चुनाव में वह पार्टी के लिए कितना फायदेमंद या नुकसानदेह साबित होता है।

## कौन करेगा भरोसा?

**रूस के** साथ चल रहे युद्ध के खत्म होने में अभी काफी वक्त है, इस बयान के कुछ ही दिनों बाद यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने कुछ शर्तों के साथ युद्धविराम की पेशकश की है। युद्ध का रुकना अच्छी बात है, लेकिन यह पेशकश लाचारी में की गई लगती है क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के सैन्य मदद रोकने के ऐलान के बाद जेलेंस्की की ओर से इसका प्रस्ताव आया। पिछले हफ्ते अमेरिका में जेलेंस्की और ट्रंप की बातचीत हुई थी। इसमें ट्रंप ने यूक्रेन पर एहसान-फरामोशी का आरोप लगाया था। जेलेंस्की की ओर से भी तल्ख बातें की गई थीं। इसी के बाद यूक्रेन के राष्ट्रपति ने कहा था कि रूस के साथ शांति में काफी वक्त लगेगा। लेकिन इस पूरे प्रकरण के बाद उन पर ट्रंप के साथ रिश्तों को सुधारने का दबाव था। इस बीच, पिछले सोमवार को ट्रंप ने यूक्रेन को सैन्य मदद रोकने का ऐलान कर दिया। इसलिए जेलेंस्की का यह कदम मजबूरी में उठाया गया लगता है। ट्रंप यह भी चाहते हैं कि अमेरिका ने जो 100 बिलियन डॉलर की मदद दी है, उसके बदले यूक्रेन उसे अपने यहां के रेयर अर्थ मिनरल्स दे। युद्ध रुकने के बाद ट्रंप यूक्रेन को सुरक्षा गारंटी नहीं देंगे। उनका कहना है कि रेयर अर्थ की माइनिंग के लिए अमेरिकी लोगों के यूक्रेन में होने की वजह से रूस उस पर हमला नहीं कर सकेगा। लेकिन तीन साल पहले जब व्लादिमीरपुतिन ने यूक्रेन पर हमला बोला था, तब भी अमेरिकी कंपनियां वहां काम कर रही थीं। यूक्रेन को लेकर अमेरिका और उसके नैटो सहयोगियों के बीच भी दूरी बढ़ रही है। ब्रिटेन और फ्रांस ने युद्ध विराम के दौरान यूक्रेन में अपनी फौज रखने का वादा किया है, लेकिन अमेरिका की गारंटी के बगैर यह काफी नहीं होगा। बाइडन सरकार ने लोकतंत्र और पुतिन के विस्तारवादी अजेंडा को रोकने के लिए यूक्रेन की मदद की थी। वहीं, ट्रंप ने डिप्लोमैसी को सौदेबाजी में बदल दिया है। इससे अमेरिका के सहयोगी देशों के बीच गलत संदेश जाएगा। आज से पहले अमेरिका अपने सहयोगियों के साथ खड़ा रहा है, लेकिन यूक्रेन मामले को लेकर ट्रंप का जो रुख है, उसे देखते हुए शायद ही कोई अमेरिका पर ऐतबार करेगा। फिर इसकी क्या गारंटी है कि पुतिन यूक्रेन के बाद किसी और देश पर हमला नहीं करेंगे? ट्रंप को यह भी लगता है कि रूस के साथ अदावत खत्म कर-के वह पूरा ध्यान चीन से मुकाबले पर लगाएंगे। लेकिन इसके लिए उन्हें खासतौर पर हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सहयोगियों की जरूरत होगी। सवाल यह है कि यूक्रेन को लेकर अमेरिका का जो रुख है, उसे देखते हुए क्या सहयोगी उन पर भरोसा करेंगे?

# वर्चस्व पर संकट का कवच बनती हिंदी विरोध की राजनीति

संचार और सूचना क्रांति और तेज आवागमन के चलते भाषायी स्तर पर तमिलनाडु की स्थिति तीन-चार दशक पहले जैसी नहीं है। वहां हिंदी बोलने वालों की संख्या भले कम हो, लेकिन उसे समझने और हिंदी में आने वाले सवालों का जवाब देने या प्रतिक्रिया में सौदा-सुलफ मुहैया कराने वालों की तादाद बढ़ी है।

**-उमेश चतुर्वेदी**

हिंदी को लेकर तमिलनाडु की राजनीति का आक्रामक होना कोई नई बात नहीं है। हिंदी के विरोध में जिस तरह स्टालिन ने रोजाना आधार पर मोर्चा खोल रखा है, वह 1965 के हिंदी विरोधी आंदोलन की याद दिला रहा है। संवैधानिक प्रावधानों की वजह से 26 जनवरी 1965 को हिंदी को राजभाषा के तौर पर जिम्मेदारी संभालनी थी, जिसके विरोध में सीए अन्नादुरै की अगुआई में पूरी द्रविड़ राजनीति उतर आई थी। तब हिंदी विरोध के मूल केंद्र में तमिल उपराष्ट्रीयता थी। उसके लिए तब यह साबित करना आसान था कि उस पर हिंदी थोपी जा रही है। तब आज की तरह सूचना और संचार की सहूलियतें नहीं थीं, तब दक्षिण और उत्तर के बीच आज की तरह सहज संचार नहीं था, तब आज की तरह मीडिया का इंटरनेटी वितान नहीं था। लेकिन आज हालात बदल चुके हैं। लिहाजा इस संदर्भ में स्टालिन के मौजूदा हिंदी विरोध की तह में जाना जरूरी हो जाता है।

चाहे तमिलनाडु का निवासी हो या फिर उत्तर भारत के किसी हिंदीभाषी इलाके का, उसके हाथ में अगर फोन है, उसमें अगर इंटरनेट का कनेक्शन है तो तय है कि उसकी उंगलियों के नियंत्रण में हिंदी और अंग्रेजी ही नहीं, दुनियाभर की भाषाएं हैं। इसलिए कम से कम सूचना और संचार के ऐसे माध्यमों पर किसी सरकार की वजह से भाषायी बंधन आज के दौर में हो भी नहीं सकता। इंटरनेट क्रांति के पहले भाषाओं के विस्तार में बाजार ने जो भूमिका निभाई, उसे अनदेखा नहीं किया जा सकता। आज का बाजार वर्ल्ड वाइड वेब यानी डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू के पंखों के सहारे कहीं और तेजी से फैल तो रहा ही है, फल-फूल भी रहा है। इसलिए हिंदी ही नहीं, किसी भी भाषा का विरोध अब दुनिया के किसी भी कोने में पूरी तरह न तो सफल हो सकता है और कोई दीवार उसे रोक सकती है। बेशक तमिलनाडु भाषायी स्तर पर अपनी अलग पहचान रखता है, लेकिन वह भी हमारे देश का हिस्सा है। मौजूदा स्थिति में तेजी से विकसित होता राज्य है और उसे अपने उत्पादन केंद्रों के लिए कामगारों की जरूरत है। जिसकी आपूर्ति उत्तर भारत के ही राज्य करते हैं। उसके निजी शैक्षिक केंद्रों के लिए विद्यार्थियों की भी जरूरत है। उत्तर भारत की जो शैक्षिक स्थिति है, उसकी असलियत सबको पता है। इस वजह से उत्तर भारतीय छात्रों की आवक भी तमिलनाडु में खूब है। ऐसे माहौल में वैसे तो हिंदी विरोध के औचित्य पर ही सवाल है। फिर भी स्टालिन विरोध कर रहे हैं तो उसके अपने कारण हैं।

संचार और सूचना क्रांति और तेज आवागमन के चलते भाषायी स्तर पर तमिलनाडु की स्थिति तीन-चार दशक पहले जैसी नहीं है। वहां हिंदी बोलने वालों की संख्या भले कम हो, लेकिन उसे समझने और हिंदी में आने वाले सवालों का जवाब देने या प्रतिक्रिया में सौदा-सुलफ मुहैया कराने वालों की तादाद बढ़ी है। हिंदी या कोई अन्य भाषी वैसे भी तमिल संस्कृति को इसलिए बहुत ज्यादा प्रभावित नहीं कर सकते, क्योंकि तमिल संस्कृति और भाषा दुनिया की पुरानी संस्कृतियों में से एक है और उसकी जड़ें बहुत गहरी हैं। तमिल लोग अपनी संस्कृति और भाषा से नेह-छोह ही नहीं रखते, उसका शिद्दत से सम्मान भी करते हैं। फिर तमिलनाडु की ऐसी स्थिति नहीं है कि दिल्ली, जालंधर, सूरत, लुधियाना, मुंबई की तरह तमिलनाडु के शहरों में हिंदीभाषियों की बाढ़ आ जाएगी। वैसे एक बारगी मान लें कि जिन जगहों का जिक्र हुआ है, वहां हिंदीभाषियों की बाढ़ होने के बावजूद क्या वहां की स्थानीय संस्कृति और भाषाओं पर संकट आया। निश्चित तौर पर इसका जवाब ना में है। दरअसल होता यह है कि बाहर से आया व्यक्ति स्थानीय संस्कृति और समाज के लिहाज से वहां व्यवहृत भाषा को अपने सामाजिक और सार्वजनिक कामकाज की भाषा बनाता है, वह अपनी बोली-बानी को अपने सीमित समाज और परिवार में इस्तेमाल तो करता है, लेकिन उसकी सार्वजनिक संपर्क भाषा वहां की स्थानीय भाषा ही होती है। पता नहीं, इन तथ्यों को स्टालिन समझते हैं या नहीं, लेकिन वे बार-बार हिंदी पर आरोप लगाते रहते हैं कि वह तमिल संस्कृति को नुकसान पहुंचाएगी।

असल बात यह है कि तमिलनाडु की राजनीति में पिछली सदी के साठ के दशक से ही स्थानीय द्रविड़ राजनीति का वर्चस्व बना हुआ है। कभी डीएमके तो कभी एआईडीएमके जैसी स्थानीय पार्टियां ही सत्ता की मलाई खाती रही हैं। सही मायने में देखें तो ये महज स्थानीय पार्टियां ही नहीं हैं, बल्कि अपने-अपने हिसाब से तमिल उपराष्ट्रीयता का ही प्रतिनिधित्व करती हैं। तमिल उपराष्ट्रीयता होना बुरी बात नहीं है, लेकिन वह राष्ट्रीयता पर हावी नहीं होनी चाहिए। लेकिन यह कड़वा सच है कि तमिल उपराष्ट्रीयता राष्ट्रीय मूल्यों पर हावी रहती रही है। तमिल उपराष्ट्रीयता के ही जरिए द्रविड़ राजनीति तमिलनाडु की सत्ता पर काबिज रही है। लेकिन संचार और सूचना क्रांति के दौर में अब तमिल उपराष्ट्रीयता वाली सोच को लगने लगा है कि अगर हिंदी आई तो उसके जरिए राष्ट्रीयता की विचारधारा मजबूत होगी। जिसका असर स्थानीय राजनीति पर भी पड़े बिना नहीं रहेगा। हिंदी या किसी भी सामान्य संपर्क भाषा के ज्यादा प्रचलन से कट्टरतावदी स्थानीय सोच को चोट पहुंचेगी और इसके साथ ही तमिल माटी में राष्ट्रीय राजनीति की जगह मजबूत होगी। जिसका आखिर में नतीजा हो सकता है कि द्रविड़ राजनीति की विदाई। कह सकते हैं कि स्टालिन को यही डर सताने लगा है। उन्हें लगता है कि अगर उन्होंने त्रिभाषा फॉमूर्ला स्वीकार कर लिया, नई शिक्षा नीति को राज्य में लागू होने दिया तो जिस स्थानीयता केंद्रित भावना प्रधान राजनीति वह या उनके साथी स्थानीय दल करते हैं, उसका प्रभाव छीजने लगेगा। इससे स्थानीय राजनीति में उनका वर्चस्व कमजोर होगा और हो सकता है कि एक दौर ऐसा आए कि दूसरे राज्यों की तरह यहां भी राष्ट्रीय राजनीति हावी हो जाए। 1967 के विधानसभा चुनावों में करारी हार के बाद से कांग्रेस यहां की केंद्रीय राजनीति से बाहर है। तब से वह कभी डीएमके तो कभी एआईडीएमके की पिछलग्गू बनी रही है। कुछ ऐसी ही स्थिति भारतीय जनता पार्टी की भी रही है। 2024 के आम चुनावों को छोड़ दें तो बीजेपी को भी इन्हीं दलों की बैसाखी की आस रही है। हालांकि हाल के दिनों में पूर्व अधिकारी अन्नामलाई के जरिए बीजेपी राज्य में ताल ठोक रही है। अन्नामलाई को तमिलनाडु का खुला आसमान देने के लिए बीजेपी वहां के अपने पुराने नेताओं सीपी राधाकृष्णन और एल गणेशन को राजभवन भेज चुकी है।

तमिलनाडु में अगले साल विधानसभा के चुनाव हैं। स्टालिन को इस बार लग रहा है कि बीजेपी के जरिए इस बार राष्ट्रीय राजनीति राज्य में अपनी ताकतवर पहुंच बना सकती है। अगर ऐसा होता है तो निश्चित है कि द्रविड़ राजनीति के वर्चस्व को निर्णायक चुनौती मिलेगी। यही डर उन्हें हिंदी विरोध की ताजा आंच को जलाने के लिए मजबूर कर रहा है। हिंदीभाषी समाज, उत्तर भारतीय और राष्ट्रीय पहुंच वाली राजनीति को इस नजरिए को भी ध्यान रखना होगा।

# असंतुलित आर्थिक नीतियां बढ़ा रही हैं अमीरी गरीबी की खाई

आंकड़ों के मुताबिक 5 साल पहले रियल एस्टेट की कुल बिक्री में अफोर्डेबल हाउसिंग की हिस्सेदारी 40 प्रतिशत थी, जो अब घटकर महज 18 प्रतिशत रह गई है। इस महीने पेश हुए बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मध्यम वर्ग की जेब ढीली करने के लिए टैक्स में छूट दी। 12 लाख रुपये तक कमाई करने वालों को अब इनकम टैक्स नहीं देना होगा जिससे 92 प्रतिशत वेतनभोगी लोगों को राहत मिलेगी।

**योगेन्द्र योगी**

देश के लगभग 100 करोड़ भारतीयों के पास इतनी आय नहीं है कि वे विवेकाधीन वस्तुओं पर कुछ भी खर्च कर सकें। अर्थात वे किसी भी प्रकार से किसी भी वस्तु पर अतिरिक्त खर्च करने में असमर्थ हैं। लोग जरूरत के अलावा सामान या सुविधाएं नहीं खरीद सकते। वहीं, देश के केवल 10 फीसदी लोग, अर्थात 13-14 करोड़ लोग देश की अर्थव्यवस्था को चला रहे हैं, क्योंकि ये लोग ही सबसे ज्यादा खर्च करते हैं और देश की तरक्की में बड़ा रोल निभाते हैं। केंद्र सरकार एक तरफ देश में तरक्की का नया मॉडल पेश करते हुए विकसित भारत की तरफ बढ़ते कदमों का आंकड़ा पेश करती है, वहीं गरीबी और अमीरी की बढ़ती खाई ने इस मॉडल पर सवालिया निशान लगा दिए हैं।

ब्लूम वेंचर्स की इंडस वैली की वार्षिक रिपोर्ट 2025 भारत की आर्थिक विषमता की यह तस्वीर पेश करती है। इस रिपोर्ट का सरकार द्वारा किसी तरह प्रतिवाद नहीं किए जाने से साफ जाहिर है कि देश की आर्थिक सेहत एक तरफा जा रही है। अमीरी और गरीबी की खाई का चौड़ा होना जारी है। रिपोर्ट में इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि भारत का उपभोक्ता बाजार बड़े स्तर पर विस्तार नहीं कर रहा है, बल्कि एक ही जगह गहरा होता जा रहा है। इसका मतलब यह है कि भले ही अमीर लोगों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि नहीं हो रही है, लेकिन जो लोग पहले से ही अमीर हैं, वे और भी अमीर हो रहे हैं।

आंकड़ों के अनुसार शीर्ष 10 प्रतिशत भारतीयों (10 सबसे अमीर भारतीय) के पास अब कुल नेशनल आय का 57.7 प्रतिशत हिस्सा है, जो



पहले 1990 में 34 प्रतिशत था, जबकि निचले स्तर पर यह हिस्सा पहले के 22.2 प्रतिशत से घटकर 15 प्रतिशत रह गया है। इसके अलावा, 30 करोड़ लोग ऐसे हैं जिन्होंने हाल फिलहाल खर्च करना शुरू किया है। ये लोग भी अपने खर्च को लेकर बहुत सावधान हैं। खर्च करने वाला वर्ग बढ़ नहीं रहा!

आंकड़ों के मुताबिक 5 साल पहले रियल एस्टेट की कुल बिक्री में अफोर्डेबल हाउसिंग की हिस्सेदारी 40 प्रतिशत थी, जो अब घटकर महज 18 प्रतिशत रह गई है। इस महीने पेश हुए बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मध्यम वर्ग की जेब ढीली करने के लिए टैक्स में छूट दी। 12 लाख रुपये तक कमाई करने वालों को अब इनकम टैक्स नहीं देना होगा जिससे 92 प्रतिशत वेतनभोगी लोगों को राहत मिलेगी। इसके बावजूद भारत की खपत चीन से 13 साल पीछे है। वर्ष 2023 में भारत में प्रति व्यक्ति खर्च 1,493 डॉलर था, जबकि चीन में वर्ष 2010 में ही ये 1,597 डॉलर था। माइक्रोफाइनेंस सेक्टर में भी हालात ठीक नहीं हैं। माइक्रोफाइनेंस सेक्टर में बढ़ता कर्ज का बोझ बढ़ता जा रहा है। दिसंबर 2024 तक इस सेक्टर के नॉन-परफॉर्मिंग असेट्स (एनपीए) 50,000 करोड़ रुपये तक पहुंच गया। ये अब तक का सबसे ऊंचा स्तर है और कुल लोन का 13 प्रतिशत है। अमीर-गरीब के बीच की खाई भारत में कभी छिपी नहीं रही है। यह खाई और चौड़ी हो गई है। माइक्रोफाइनेंस का मतलब है गरीब परिवारों को बिना गारंटी के लोन देना। इन परिवारों की सालाना कमाई 3 लाख रुपये से कम होती है। ज्यादातर महिलाएं इन लोन का इस्तेमाल करती हैं। लेकिन ज्यादा लोन देने की होड़ में हालात बिगड़ गए हैं। बंधन बैंक, इंडसइंड, आईडीएफसी फर्स्ट जैसे बैंकों के एनपीए बढ़ गए हैं। बंधन बैंक के 56,120 करोड़ रुपये के लोन में से 7.3 प्रतिशत एनपीए हो चुके हैं। एनपीए वो कर्ज है जिसकी कोई भी किश्त 180 दिनों तक चुकाने में लेनदार असफल हो जाता है। इसके बाद बैंकों को इस तरह के लोन को एनपीए में डालना होता है। हालांकि इस लोन की वसूली की कोशिश जारी रहती है और कई बार ये पूरा या आंशिक तौर पर वापस मिल जाता है।

आंकड़ों के मुताबिक 91 से 180 दिन का बकाया लोन कुल आउटस्टैंडिंग का 3.3 फीसदी है, जबकि 180 दिन से ज्यादा बकाया लोन 9.7 प्रतिशत है। माइक्रोफाइनेंस को लेकर अब संस्थान भी सतर्कता बरत रहे हैं। क्योंकि उन्हें एनपीए अभी और बढ़ने की आशंका है। भारतीय रिजर्व बैंक ने लोन पर रिस्क वेट घटाया इसी बीच बिजनेस लोन पर जोखिम वेट 125 प्रतिशत से घटाकर 75 प्रतिशत कर दिया है, जिससे बैंकों को राहत मिलेगी। छोटे बैंकों को हो रहे नुकसान को देखते हुए इस नियम में बदलाव से इन्हें फायदा मिल सकता है। देश में बढ़ती आर्थिक असमानता की तरफ पूर्व में चेतावनी मिल चुकी है। 12 अप्रैल 2024 को पेरिस स्थित शोध संगठन वर्ल्ड इनइक्वेलिटी लैब की ओर जारी एक शोधपत्र में बताया गया था कि देश के शीर्ष एक फीसद तबके की आमदनी और संपत्ति में हिस्सेदारी अपनी ऐतिहासिक ऊंचाई पर पहुंच गई है और यह दुनिया में सबसे ज्यादा है। शोधपत्र के निष्कर्षों में कहा गया है कि साल 2023 तक सबसे अमीर एक फीसद भारतीयों के पास देश की आय का 22.6 फीसद और संपत्ति का 40 फीसद हिस्सा था। इनकम ऐंड वेल्थ इनइक्वेलिटी इन इंडिया, 1922-2023 द राइज ऑफ बिल्यनेर राज शीर्षक वाले शोधपत्र के अनुसार आजादी के बाद से 1980 के दशक की शुरूआत तक गैर-बराबरी में कमी आई थी लेकिन इसके बाद इसमें बढ़ोतरी शुरू हो गई और 2000 के दशक की शुरूआत में यह बहुत तेज गति से बढ़ी। देश के शीर्ष एक फीसद लोगों ने 2022-23 में औसतन 53 लाख रुपए कमाए, जो औसत भारतीय की आय से 23 गुना अधिक है जिसने 2.3 लाख रुपए की आय सृजित की। देश के निचले पायदान के 50 फीसद और बीच के 40 फीसद लोगों की औसत आय क्रमश 71, 000 रु. (राष्ट्रीय औसत का 0.3 फीसद) और 1,65,000 रु. (राष्ट्रीय औसत का 0.7 फीसद) रही सबसे अमीर 9,223 लोगों (9.2 करोड़ वयस्क भारतीयों में से) ने औसतन 48 करोड़ रुपए कमाए (औसत भारतीय आय से 2,069 गुना)। भारतीय अर्थव्यवस्था के उदारीकरण के बाद निजी उद्यम में वृद्धि और पूंजी बाजार की वृद्धि ने शीर्ष के कुछ ही लोगों के हाथों में संपत्ति का सिमटना बढ़ाया है। उदारीकरण के बाद से सेवा की अगुआई में हुई आर्थिक वृद्धि के भी असमानताकारी असर हुए। इस पूरे हालात से साफ है कि भारत की खपत ग्रोथ संतुलित नहीं है। एक तरफ जहां अमीर और अमीर हो रहे हैं, वहीं गरीब और गरीब जिसके लिए आने वाले समय में सरकार को बड़े कदम उठाने होंगे जिससे आर्थिक असमानता कम हो सके।

## हारे का सहारा हैं खाटू के श्री श्याम

राजस्थान के सीकर जिले में स्थित खाटू श्याम मंदिर बाबा श्याम जी के लिए प्रसिद्ध है। यह मंदिर भारत के सबसे प्रसिद्ध मंदिरों में गिना जाता है। खाटू श्याम जी को भगवान श्रीकृष्ण का कलयुगी अवतार माना जाता है। दानशीलता के कारण बर्बरीक ने बिना किसी सवाल के अपना शीश भगवान श्री कृष्ण को दान दे दिया। इसी दानशीलता के कारण श्री कृष्ण ने कहा कि तुम कलयुग में मेरे नाम से पूजे जाओगे। तुम कलयुग का अवतार कहलाओगे और हारे का सहारा बनोगे। इसलिए उन्हें हारे का सहारा भी कहा जाता है। खाटू श्याम जी के मंदिर में दर्शन के लिए हर दिन लाखों भक्त आते हैं। यहां फाल्गुन माह के शुक्ल पक्ष की द्वादशी को श्याम बाबा का विशाल वार्षिक मेला भरता है। जिसमें देश-विदेशों से आये करीबन 30 लाख श्रृद्धालु शामिल होते हैं। खाटू श्याम का मेला राजस्थान के बड़े मेलों में से एक है।

इस मंदिर में भीम के पौत्र और घटोत्कच के पुत्र बर्बरीक की श्याम यानी कृष्ण के रूप में पूजा की जाती है। इस मंदिर के लिए कहा जाता है कि जो भी इस मंदिर में जाता है उन्हें श्याम बाबा का नित नया रूप देखने को मिलता है। कई लोगों को तो इस विग्रह में कई बदलाव भी नजर आते है। कभी मोटा तो कभी दुबला। कभी हंसता हुआ तो कभी ऐसा तेज भरा कि नजरें भी नहीं टिक पातीं। श्याम बाबा का धड़ से अलग शीष और धनुष पर तीन वाण की छवि वाली मूर्ति यहां स्थापित की गईं। कहते हैं कि मन्दिर की स्थापना महाभारत युद्ध की समाप्ति के बाद स्वयं भगवान कृष्ण ने अपने हाथों की थी। श्याम बाबा की कहानी महाभारत काल से आरम्भ होती है। वे पहले बर्बरीक के नाम से जाने जाते थे तथा भीम के पुत्र घटोतकच और नाग कन्या अहिलवती के पुत्र थे। बाल्यकाल से ही वे बहुत वीर और महान योद्धा थे। उन्होने युद्ध कला अपनी मां से सीखी। भगवान शिव की घोर तपस्या करके उन्हें प्रसन्न किया और उनसे तीन अभेध्य बाण प्राप्त कर तीन बाणधारी के नाम से प्रसिद्ध हुये। अग्नि देव ने प्रसन्न होकर उन्हें धनुष प्रदान किया जो उन्हें तीनो लोकों में विजयी बनाने में समर्थ थे। कौरवों और पाण्डवों के मध्य महाभारत युद्ध का समाचार बर्बरीक को प्राप्त हआ तो उनकी भी युद्ध में सम्मिलित होने की इच्छा जागृत हुयी। जब वे अपनी मां से आशीर्वाद प्राप्त करने पहुंचे तब मां को हारे हुये पक्ष का साथ देने का वचन दिया। महाभारत के युद्ध में भाग लेने के लिये वे अपने नीले रंग के घोडे पर सवार होकर धनुष व तीन बाणों के साथ कुरूक्षेत्र की रणभूमि की और अग्रसर हुये। भगवान कृष्ण ने ब्राह्मण वेश धारण कर बर्बरीक से परिचित होने के लिये उसे रोका और यह जानकर उनकी हंसी भी उड़ायी कि वह मात्र तीन बाण से युद्ध में सम्मिलित होने आया है। ऐसा सुनने पर बर्बरीक ने उत्तर दिया कि मात्र एक बाण शत्रु सेना को ध्वस्त करने के लिये पर्याप्त है और ऐसा करने के बाद बाण वापिस तरकस में ही आयेगा।

## सेहत

### जिद्दी से जिद्दी चर्बी होगी गायब

खराब लाइस्टाइल और गलतखान के कारण आजकल लोगों में वेट लॉस की समस्या बढ़ती जा रही है। अनहेल्दी खानपान और तनाव के कारण लोग मोटापे की समस्या से जूझ रहे हैं। ऐसे में किचन में रखी 3 चीजें आपके शरीर का फैंट तुरंत गायब कर देंगी। पानी में मिला लीजिए ये 3 चीजें देखें कैसे फैट बर्न होता है। ये घरेलू नुस्खे न सिर्फ वजन घटाने में मदद करता है। आइए जानते है कैसे इन 3 चीजों से वेट लॉस किया जा सकता है।

नींबू पानी पिएं : क्या आप जानते हैं नींबू पानी से भी वजन घटाया जा सकता है? नींबू में विटामिन सी, एंटीऑक्सीडेंट्स और डिटॉक्सिफाइंग गुण होते हैं। यह शरीर से टॉक्सिंस को बाहर निकालने में मदद करते हैं। इसलिए आप सुबह खाली पेट गुनगुने पानी में नींबू का रस मिलाकर पीने से मेटाबॉलिज्म बूस्ट करता है, जिससे कैलोरी को बर्न करने में मदद करता है। नींबू पानी पीने से पाचन दुरुस्त रखता है और यह भूख को कंट्रोल करता है।

**कैसे बनाएं** : एक गिलास गुनगुने पानी में आधा नींबू को निचोड़ें और इसमें शहद मिलाए। फिर इसको खाली पेट पिएं और रोजाना नींबू पानी पिएं।

**शहद पानी** : शहद एक प्रकार से नेचुरल स्वीटनर है, मीठा होने के साथ ही हेल्थ के लिए काफी बढ़िया रहता है। शहद में कई पोषक तत्व पाएं जाते है। इसमें एंटीऑक्सीडेंट्स और एंटीबैक्टीरियल गुण शरीर को डिटॉक्स करने में मदद करता है। शहद का पानी पीने से मेटाबॉलिज्म बढ़ता है, जोकि फैट को बर्न करता है।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

न्यूज ब्रीफ

## युवक को हिरासत में लेकर पुलिस कर रही है पूछताछ

**साहिबगंज :** तालझारी थाना क्षेत्र के महाराजपुर रेलवे स्टेशन के समीप तालझारी थाना प्रभारी  के सहयोग से बिहार के नवादा साइबर पुलिस की बड़ी कार्रवाई नवादा साइबर थाने के पदाधिकारी सुमित कुमार के द्वारा छापामारी कर महाराजपुर के एक युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। वही नवादा साइबर थाने के पदाधिकारी सुमित कुमार ने बताया कि नावदा के सबसे बड़ा सब्जी मंडी में एक व्यक्ति का मोबाइल फोन गुम हो गया था। इसके बाद पीड़ित युवक ने थाने में लिखित शिकायत किया था। उसी के आधार पर पुलिस मामला दर्ज कर-के कार्रवाई कर रही है। फिलहाल लोकेशन ट्रेस करके एक युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। हिरासत में लिए युवक के निशानदेही पर बाकी नेटवर्क का भी पता लगाया जा रहा है इसके बाद विधि समस्त कार्रवाई की जाएगी इस दौरान तालझारी थाना प्रभारी अमर कुमार मिंज सहित अन्य पुलिस बल मौजूद रहे

## सड़क दुर्घटना में कई युवा घायल

**साहिबगंजः** बोरियो थाना क्षेत्र अंतर्गत तेलों मोड के समीप एक युवक बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। जहां राहगीरों ने आनन -फानन में इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया।वही  सामुदायिक स्वस्थ केंद्र बोरियो के डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर घायल को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया। वही 108 एम्बुलेंस एवं प्रशासन की मदद से सदर अस्पताल लाया।जहां ड्यूटी पर रहे डॉक्टर पिंकु चौधरी के देख रेख मे इलाज किया जा रहा हैं।वही घायल की पहचान फूल बांगा मांझी टोला निवासी  सिमोन हांसदा उम्र 35 पिता मानवेल हांसदा के रूप में हुई है।वही घायल के चचेरे भाई मनोज कुमार मुर्मू ने बताया कि घायल सिमोन हांसदा बोरियो से अपने घर फूलबंगा मांझीटोला जा रहा था। टेलोमोड के पास बाइक की संतुलन बिगड़ने के कारण गिर गया। वही आसपास के लोगों ने दूरभाष पर सूचना दिया।वही आनन -फानन में साहिबगंज पहुंचे।वही बोरियो थाना क्षेत्र ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## पुलिस ने होली और रमजान को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की

साहिबगंज :मुफस्सिल थाना परिसर में पुलिस निरीक्षक राजीव रंजन की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में थाना प्रभारी सहित विभिन्न गणमान्य लोग शांति समिति के सदस्य और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। इंस्पेक्टर ने होली और रमजान को सौहार्द और शांति के साथ मनाने की अपील किए।किसी भी अफवाह, भड़काऊ गतिविधि या अप्रिय घटना से बचने के लिए सभी को सतर्क रहने की सलाह दी गई।समाज में आपसी प्रेम, भाईचारे और शांति बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। पुलिस प्रशासन द्वारा कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सख्त निगरानी का आश्वासन दिया।पुलिस ने सभी नागरिकों से सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की, ताकि दोनों पावन पर्व शांति और खुशियों के साथ संपन्न हो सकें।

## घायल चंदन कुमार मंडल जान बचाकर शिकायत के लिए नगर थाना पहुंचा

**साहिबगंज :** नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत नया टोला पुरानी साहिबगंज निवासी स्वर्गीय हरिबोल मंडल के 35 वर्षीय पुत्र चंदन कुमार मंडल को बिक्की कुमार पिता ब्रह्मदेव पासवान  दो अन्य युवकों ने मारपीट गंभीर रूप से घायल कर दिया। वहीं घायल चंदन कुमार मंडल किसी तरह जान बचाकर शिकायत के लिए नगर थाना पहुंचा। जहां नगर थाना पुलिस ने इलाज के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।वही ड्यूटी पर रहे डॉक्टर प्रशांत कुमार ने प्राथमिक उपचार कर घर भेज दिया।घायल चंदन कुमार ने बताया कि हम तीन से चार लोग मुक्तेश्वर श्मशान घाट के पास बैठे थे।वही बगल के बिक्की कुमार  अन्य दो युवक आया और मुझे मारने लगा जिसमें मेरा सर फट गया।वही कुछ लोग बचाने आए तो अपनी जान बचाकर नगर थाना पहुंचे।जहां से इलाज के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। वही नगर थाना प्रभारी ने बताया कि मामले कि जांच की जा रही है।

## स्वास्थ्य जांच में गर्भवती महिलाओं को नहीं मिला पौष्टिकआहार



**साहिबगंज :** मंडरो प्रखंड क्षेत्र के मिजाचौकी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में गर्भवती महिला का जांच की गई मिली जानकारी के अनुसार प्रत्येक महीना के 9 तारीख का  जांच की जाती है।रविवार होने के कारण सोमवार को जांच की गई महिलाओ से पूछे जाने पर बताईं कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिन महिलाओं की जांच की जाती है। उन्हें पोष्टि आहार दिया जाता है। वहीं महिलाओं में ललिता टुडू, मरांग कुड़ी, सोनी बेसरा, ने बताईं कि जांच की गई पर पोष्टी आहार नहीं दिया गया महिलाओं के चहेरे पर मायूसी देखी गई वहीं बीपीएम अमन भारती से पुछे जाने पर बताया कि महिलाओं को जांच के बाद पोष्टी आहार दिया गया है।

## बाल गृह बालक के बच्चों ने किया साइंस सेंटर का भ्रमण

**साहिबगंज :** बाल कल्याण समिति के निर्देश पर स्थानीय विकास भारती बाल गृह बालक के सभी बच्चों को साइंस सेंटर का भ्रमण कराया गया।बच्चों में खुशियों का माहौल था बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष अब्दुल सुभान सदस्य डॉ तिवारी बालगृह के अधीक्षक दिवाकर कुमार के नेतृत्व में सभी बच्चों को साइंस सेंटर भ्रमण करने के साथ पूरी जानकारी दी गई।इन बच्चों को स्नेक्स आदि भी उपलब्ध कराया गया।बच्चों ने बताया कि इस प्रकार से उन्हें पहली बार घूमने का औसर मिला है।और साइंस के विभिन्न वस्तुओं को देखकर उनमें बहुत खुशी भी मिल रही है।बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष और सदस्य ने बताया कि ऐसे बच्चे जो परिवार से अलग हैं। उन्हें इस प्रकार के भ्रमण से काफी लाभ मिलता है। और इन बच्चों में सर्वोत्तम विकास भी होता है।उन्होंने बताया कि उपायुक्त महोदय द्वारा इस केंद्र का निर्माण बच्चों के सर्वोत्तम विकास हेतु किया गया है।  और जल्द ही दिव्यांग बच्चों का भी हम लोग भर्मण कराएंगे।इस अवसर पर बाल कल्याण समिति सदस्य दिनेश शर्मा,बाल संरक्षण पदाधिकारी पूनम कुमारी,चाइल्ड हेल्पलाइन के मोहम्मद इकबाल बालगृह के रंजीत वर्मा उपस्थित थे।

# ऑनलाइन दाखिल खारिज को लेकर मुख्यमंत्री से मिली विधायक



मेट्रो रेज संवाददाता

**साहिबगंज/बरहरवा :** पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र की विधायिका निसात आलम ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से उनके रांची कार्यालय में मुलाकात कर पाकुड़ में पिछले 3 महीने जनवरी 2025 से बाधित ऑनलाइन दाखिल खारिज प्रक्रिया ठीक करने की मांग को लेकर एक ज्ञापन सौंपा है।विधायक निसात आलम ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बताया कि पाकुड़ में ऑनलाइन दाखिल खारिज झारभूमि वेबसाइट के माध्यम से की जाती है लेकिन इसमें जनवरी माह से काफी कठिनाई का सामना करना पड़ा है लोगों को कई महत्वपूर्ण कार्य नहीं हो रहे हैं। दाखिल खारिज का सारी प्रक्रिया ऑनलाइन पूरी करने के बाद राजस्व कर्मचारी के लॉगिन आईडी से अंचल निरीक्षक के लॉगिन आईडी में फॉरवर्ड नहीं हो रहा है। इसमें केस ऑफ वेरिफिकेशन क्लिक करने पर एरर मैसेज 504 गेटवे टाइम आउट प्रदर्शित होता है।और आगे फॉरवर्ड नहीं होता है।विधायक निसात आलम ने कहा कि मामले के संज्ञान में आते ही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को आदेश देकर इस समस्या का जल्द समाधान करने का निर्देश दिया है विधायक निषाद आलम ने कहा कि पाकुड़ विधानसभा की एक-एक समस्या के समाधान को लेकर हम लगातार प्रयासरत हैं।मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सभी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हैं। और उसके समाधान को लेकर प्रयास करते हैं उनके नेतृत्व में झारखंड के चौमुखी विकास के साथ पाकुड़ का भी चौमुखी विकास करना हमारा एकमात्र लक्ष्य है।

## 45 किसानों का दल अंतर-राज्यीय परिभ्रमण के लिए रवाना



मेट्रो रेज संवाददाता

**साहिबगज :** आत्मा समेति सहाय अनुदान योजना के तहत साहिबगंज जिले के 45 किसानों का एक दल तीन दिवसीय अंतर-राज्यीय परिभ्रमण के लिए बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर भागलपुर बिहार रवाना हुआइस अवसर पर जिला कृषि पदाधिकारी-सह-परियोजना निदेशक, आत्मा  प्रमोद एक्का, जिला उद्यान पदाधिकारी अमितेश रंजन, सहायक मिट्टी रसायनज्ञ अभिजीत शर्मा जिला योजना एवं मूल्यांकन पदाधिकारी अरुण कुमार भोक्ता और उप परियोजना निदेशक आत्मा  मंटू कुमार ने संयुक्त रूप से बस को हरी झंडी दिखाकर दल को रवाना किया।विदित हो कि दिनांक 10 से 12 मार्च तक बिहार कृषि विश्वविद्यालय सबौर में कृषि मेला का आयोजन किया जा रहा है। इस परिभ्रमण का उद्देश्य किसानों को आधुनिकतम कृषि तकनीकों से अवगत कराना, पड़ोसी राज्य के किसानों से विचारों का आदान-प्रदान करना और नवीन कृषि नवाचारों को समझकर अपने जिले में उन्हें अपनाने के लिए प्रेरित करना है। आत्मा कार्यालय, साहेबगंज के प्रखंड तकनीकी प्रबंधक  कंचन कुमार सुमन कर रहे हैं। इस मौके पर जिला कृषि कार्यालय एवं आत्मा कार्यालय के पदाधिकारी, कर्मी एवं परिभ्रमण में भाग लेने वाले किसान उपस्थित रहे।

# उधवा प्रखंड के नौ परीक्षा केन्द्रों में कड़ी सुरक्षा कदाचार मुक्त माहौल में हुई



मेट्रो रेज संवाददाता

**साहिबगंज/उधवा :** झारखंड अधिविद्य काउंसिल जैक रांची द्वारा आयोजित आठवीं की बोर्ड परीक्षा सोमवार को उधवा प्रखंड के नौ परीक्षा केन्द्रों में कड़ी सुरक्षा व कदाचार मुक्त माहौल में हुई। जानकारी के अनुसार उधवा प्रखंड के उच्च विद्यालय आतापुर, मध्य विद्यालय सुतियारपाड़ा, मध्य विद्यालय मोहनपुर, प्लस टू उधवा, एमएस फुदकीपुर, हाई स्कूल फुदकीपुर, प्लस टू राधानगर, उर्दू मध्य विद्यालय इंग्लिश, मध्य विद्यालय उधवा तीन परीक्षा केंद्र प्लस टू उच्च विद्यालय उधवा को परीक्षा केंद्र बनाया गया। प्रथम पाली में हिंदी, अंग्रेजी व अतिरिक्त विषय तथा द्वितीय पाली में गणित, विज्ञान एवं सामाजिक विज्ञान विषय की परीक्षा हुई। इस दौरान उधवा प्रखंड के उच्च विद्यालय आतापुर के केंद्राधीक्षक के अनुसार 211 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए और 13 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। मध्य विद्यालय सुतियारपाड़ा में 151 परीक्षार्थी उपस्थित हुए और 4 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।मध्य विद्यालय मोहनपुर में 165 परीक्षार्थी उपस्थित हुए और 11 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। प्लस टू उधवा में 479 परीक्षार्थी उपस्थित रहे और 26 अनुपस्थित, एमएस फुदकीपुर में 393 परीक्षार्थी उपस्थित रहे और 13 अनुपस्थित, हाई स्कूल फुदकीपुर में 481 परीक्षार्थी उपस्थित रहे और 13 अनुपस्थित, प्लस टू राधानगर में 911 परीक्षार्थी उपस्थित रहे और 39 अनुपस्थित, उर्दू मध्य विद्यालय इंग्लिश में 345 परीक्षार्थी उपस्थित रहे और 86 अनुपस्थित, मध्य विद्यालय उधवा में 613 परीक्षार्थी उपस्थित रहे जबकि 28 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। पहली पाली की परीक्षा सुबह 09 :45 बजे से दोपहर 01 बजे तक एवं दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर 2 से शाम 5:15 बजे तक हुई। परीक्षा में कुल 4182 में से 3949 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। जबकि 233 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

# विधि व्यवस्था को लेकर पुलिस ने चलाया एंटी क्राइम वाहन चेकिंग अभियान



मेट्रो रेज संवाददाता

**साहिबगंज/उधवा :** पुलिस अधीक्षक अमीत कुमार सिंह के निर्देश पर होली पर्व पर विधि व्यवस्था बनाए रखने को लेकर राजमहल पुलिस निरीक्षक श्याम लाल हांसदा के नेतृत्व में सोमवार को राधानगर थाना के सामने एंडी क्राइम व सड़क सुरक्षा को लेकर वाहन जांच अभियान चलाया। जानकारी के अनुसार बरहरवा राजमहल आरमुख्य सड़क मार्ग पर थाना के के सामने इंस्पेक्टर श्याम लाल हांसदा और थाना प्रभारी अमर कुमार मिंज के द्वारा वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान सड़क पर आवाजाही कर रहे दर्जनों दो पहिया वाहनों की जांच की गई। पुलिस बलों के द्वारा बारी बारी से बाइक चालकों को रोककर बाइक की तलाशी ली गई। वाहन जांच अभियान में आवश्यक कागजात हेलमेट, इंश्योरेंस आदि कागजातों की जांच की गई। वही वाहन जांच अभियान के दौरान बाइक चालकों में कुछ समय तक हड़कंप मच गया। कुछ बाइक चालक रास्ते बदलकर दूसरे रास्ते से भागते हुए देखे गए। राजमहल पुलिस निरीक्षक श्याम लाल हांसदा ने बताया कि अवैध गतिविधियों पर पुलिस की पैनी नजर बनी हुई है। मौके पर एसआई हसनैन अंसारी,अनिक कुमार सिंह,पंकज डुबे, शिवानंद प्रसाद, एएसआई सुनिक कुमार मेहता समेत अन्य मौजूद थे।

## आपसी विवाद में मारपीट

साहिबगंजः जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत नया टोला भवानी चौकी निवासी मोहम्मद जाफर की पत्नी सुबी बीबी ,मोहम्मद सरफुद्दीन की पत्नी रूही बीबी एवं मोहम्मद सुल्तान की पत्नी मुन्नी बीबी ने मारपीट एवं जान मारने की धमकी देने जिरवाबाड़ी  थाना में आवेदन देकर कानूनी कार्रवाई करने व न्याय की गुहार लगाई। वही घायल मोहम्मद जाफर की पत्नी सुबी बीबी ने बताया कि चाचा ससुर के बेटा शेख फराद,शेख शोहेब पिता शेख फराद,मुन्नी पति असगर,चुन्नी पति अख्तर,अख्तरी पति शेख फराद,एवं अंगूरी पति शेख असलम अन्य लोगों द्वारा हर समय हमलोगों के साथ मारपीट किया जाता है।

## दोपहिया वाहनों का सघन चेकिंग अभियान चलाया



**साहिबगंज/मंडरो :** प्रखंड के मिर्जाचौकी अंतर्गत फाटक के पास सोमवार को दोपहिया वाहनों का संघन चेकिंग अभियान चलाया गया। आगामी होली रमजान पर्व को शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर सोमवार को मिर्जाचौकी थाना क्षेत्र के मिजाचौकी रेलवे गेट स्थित बजरंगबली मंदिर चौक के समीप थाने के अवर निरीक्षक महेंद्र सिंह के नेतृत्व में सशस्त्र पुलिस बल के जवानों के द्वारा दोपहिया वाहनों का सघन चेकिंग अभियान चलाया गया।जिसमें ड्राइविंग लाइसेंस,सीट बेल्ट, तीन सवारी हेमलेट, नंबर प्लेट सहित अन्य जरूरी कागजातों की जांच पड़ताल की गई ।जिसमें लगभग 12 दो पहिए वाहनों के उक्त दस्तावेज के अभाव में जप्त कर थाना लाया गया ।जिसे आगे की कार्रवाई के लिए भेजा जाएगा। इधर अचानक दोपहिया वाहनों के सघन चेकिंग अभियान को लेकर लोगों में  हड़कम मचा हुआ है।

## पशु शेड निर्माण कार्य रोकने को लेकर बीडीओ को दिया आवेदन

**साहिबगंज :** मिर्जाचौकी थाना क्षेत्र निवासी मालती देवी ने सदर प्रखण्ड के बीडीओ को आवेदन देकर उसके जमीन पर बिना उसकी सहमति से बन रहे पशु शेड निर्माण कार्य रोकने की मांग की है।अपने आवेदन में उन्होंने बताया कि हाजीपुर पश्चिम पंचायत के जमाबंदी संख्या 811 में उनके 3 बीघा जमीन पर वहीं के स्व.बिंदेश्वरी यादव के पुत्र दीपक कुमार पशु शेड का निर्माण कर रहे है जो गलत है।मालती देवी ने निमार्णाधीन पशु शेड का काम बंद करवाने की मांग की है।

## विरोध के बाद भी भवन को तोड़ने का काम जारी

**साहिबगंज/उधवा :** राधानगर थाना क्षेत्र के राधानगर फांड़ी घाट में लाखों की लागत से विधायक निधि से बने व्यायाम शाला को स्थानीय कुछ दबंगों द्वारा तोड़ दिया गया है। भाजपा के पूर्व विधायक अरुण मंडल ने अपने दूसरे कार्यकाल में यहां गंगा नदी किनारे व्यायाम शाला का निर्माण कराया था। कुछ दिनों तक इसका युवाओं ने इस्तेमाल भी किया था। उसके बाद भवन का लोगों ने दुरुपयोग करना शुरू कर दिया। रविवार को कुछ लोगों ने इसे तोड़ना शुरू किया तो लोगों को माजरा समझ में नहीं आया।जब दो तीन लोगों द्वारा उसके निर्माण में लगे सामग्री खिड़की दरवाजा को भवन से तोड़ कर अपने घर ले जाया जाने लगा तो? पुछे जाने पर संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया। अपितु इंट  एसबास्टस को भी ढो लिया गया। स्थानीय लोगों द्वारा विरोध करने के बाद भी भवन को तोड़ने का काम जारी है।इस संबंध में सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ है। जिसमें एक पारा शिक्षक व उनके के अन्य साथी का नाम बच्चों द्वारा बताया जा रहा है।इस संबंध बीडीओ जयंत कुमार तिवारी से संपर्क किया गया लेकिन उन्होंने बैठक में व्यस्त होने के कारण अपना मंतव्य नहीं दे पाए हैं।

फोटो नवम्बर:0095 है।
कैप्शन:स्थानीय कुछ

# अटल जी युग दृष्टा थे उनकी दूरदर्शिता का लोग लोहा मानते थे : पूर्व विधायक

मेट्रो रेज संवाददाता

**साहिबगंज :** शहर के बंगाली टोला,दुर्गा स्थान परिसर रॉबर्टसन क्लब में जिला भाजपा की और झारखंड निमार्ता भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई जी के जन्म शताब्दी वर्ष 2024-25 अटल विरासत सम्मेलन का आयोजन कार्यक्रम के संयोजक गौतम कुमार यादव की अध्यक्षता में की गई।जिसमे धनबाद एवं संथाल परगना प्रमंडल के प्रभारी एवं राजमहल विधानसभा के पूर्व विधायक अनंत कुमार ओझा जिला प्रभारी के रूप में देवघर के पूर्व विधायक नारायण दास एवम भाजपा साहिबगंज के जिलाध्यक्ष उज्जवल मंडल,प्रमुख रूप से उपस्थित थे।सर्वप्रथम श्रद्धेय पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के तस्वीर पर उपस्थित अतिथियों द्वारा पुष्पांजलि अर्पित व दीप प्रज्वलित कर भारत माता श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर इसकी शुरूआत की गई! तत्पश्चात वंदे मातरम गीत गाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।इस विषय प्रवेशिका को जिला जिला भाजपा उपाध्यक्ष रामानंद शाह ने रखा। इस कार्यक्रम के संयोजक सह जिला भाजपा महामंत्री गौतम कुमार यादव ने मंच संचालन किया।मंच पर जिला अध्यक्ष उज्ज्वल मंडल धनबाद एवं संथाल परगना प्रभारी अनंत कुमार ओझा जिला कार्यक्रम के प्रभारी नारायण दास बरहेट भाजपा प्रत्याशी रहे गमालियन हेम्ब्रम भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामानंद साह,महामंत्री कुसुमाकर तिवारी जिला महामंत्री गौतम यादव नगर अध्यक्ष संजय पटेल मंचासीन थे!कार्यक्रम संबोधन से पूर्व श्रद्धा अटल बिहारी वाजपेई जी के समय काल में पार्टी व संगठन को मजबूत दिशा एवं संचित करने वाले वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता अशोक श्रीवास्तव, प्रोफेसर कमल महावर,दुर्गा चरण मंडल,कुलदीप सिंह,राजेंद्र चौधरी, राम भजन गोप, सीताराम सिंह,राम कुमार, एवं हरि बोल मंडल को उपस्थित मंचासीन अतिथियों द्वारा शॉल देकर उन्हें सम्मानित किया गया कार्यक्रम में उपस्थित मंच पर विराजमान जिला अध्यक्ष उज्ज्वल मंडल रामानंद शाह  कृष्णा महतो ने स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई जी के जीवन पर अपने विचार प्रकट किया पूर्व विधायक राजमहल अनंत कुमार ओझा ने अपने संबोधन में कहा कि अटल जी महामानव थे।जिन्होंने भारत को एक प्रगतिशील राष्ट्र की नींव रखी।झारखंड राज उन्हीं का देन है।और इस देश को विकसित करने के लिए उन्होंने राष्ट्र की एकता व अखंडता को रखा जिला कार्यक्रम प्रभारी सह पूर्व विधायक देवघर नारायण दास ने अपने संबोधन में कहा कि अटल जी युग द्दष्टा थे। उनकी दूरदर्शिता का लोग लोहा मानते थे। पूर्व प्रधानमंत्री नरसिंगा राव चंद्रशेखर सिंह उनको अपना गुरु मानते थे और उनका सम्मान करते थे! पड़ोसी देश पाकिस्तान जाकर लाहौर बस सेवा प्रारंभ करवाया था!वह दोस्त के दोस्त और दुश्मन के दुश्मन थे। परमाणु परीक्षण विस्फोट कर भारत को उन्होंने पूरे विश्व को आश्चर्यचकित कर दिया था।उनका कोई वंश नहीं है। और उनके विरासत को संभालने के लिए हम सभी को एकता के साथ चलकर उनके बनाए सपनो के भारत को पूरा करना होगा अंत में नगर अध्यक्ष संजय पटेल ने धन्यवाद ज्ञापन कर कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा की इस अवसर पर प्रबुद्ध प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेश सहसंयोजक प्रमोद कुमार पांडे,जिला उपाध्यक्ष सलखु सोरेन,जयप्रकाश सिन्हा,सागर मंगल,राजकिशोर उपाध्याय, कार्तिक शाह,विनोद चौधरी, संतोष चौधरी,संजय मंडल, पंकज चौधरी,मनोज पासवान संजीव पासवान ललिता पासवान चांदनी देवी चौकीदार हसदा, संगीता सिन्हा, सरिता कुमारी अनु कुमारी धर्मेंद्र मंडल युवा अध्यक्ष भाजपा बबलू तिवारी, अनिल भगत संजीव कुमार शाह,अमित केसरी रमाकांत मिश्रा विवेक सिंह रोमित भगत विक्रम दास रविंद्र दास मुकेश राज परमानंद कुमार मंडल संजीव कुमार अजीत शाह मनीष भारती विभीषण ठाकुर श्यामल दास उपेंद्र दास मनोज चौधरी सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।





## हुमा कुरैशी ने बताया-

# क्या है उनके काम का मंत्र

**अभिनेत्री** हुमा कुरैशी की अपकमिंग वेब सीरीज 'महारानी' का चौथा सीजन जल्द ही शुरू होने वाला है। इस बीच कुरैशी ने बताया कि काम को लेकर उनका मंत्र क्या है? हुमा ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर अपनी बालकनी से एक तस्वीर शेयर की। तस्वीर में वह हरियाली के बीच दिखाई दीं। पोस्ट के साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा, शांत से काम। हाल ही में हुमा ने खुलासा किया था कि उन्होंने 'महारानी' के चौथे सीजन पर काम करना शुरू कर दिया है। उन्होंने एक तस्वीर शेयर की, जिसमें अभिनेत्री ब्लैक स्वेटशर्ट पहने नजर आईं। उन्होंने कैप्शन में लिखा था, महारानी वापस आ गई है। राजनीतिक-मनोरंजक सीरीज 'महारानी' में हुमा ने मुख्य भूमिका निभाई है। बिहार की पृष्ठभूमि पर बनी वेब सीरीज 'महारानी' के चौथे सीजन का टीजर निर्माताओं ने हाल ही में जारी किया। दमदार डायलॉग्स से भरे टीजर के जरिए 'रानी भारती' की दमदार वापसी देखने को मिली। हालांकि, निर्माताओं ने अभी तक सीरीज के रिलीज डेट की घोषणा नहीं की है।

महारानी का पहला सीजन साल 2021 में सोनी लिव पर आया था। इस सीरीज में अभिनेत्री हुमा कुरैशी के किरदार रानी भारती पर नजर डालें तो वह एक साधारण और अनपढ़ गृहिणी के किरदार में हैं, जिसे अचानक से राजनीति में कदम रखना पड़ता है। वह अपने पति भीमा के चोटिल होने के बाद बिहार की मुख्यमंत्री बनती हैं। सीरीज में हुमा के पति का किरदार अभिनेता सोहम शाह ने निभाया है। सीरीज का दूसरा सीजन जुलाई 2022 में आया, वहीं तीसरा सीजन 2024 में आया था। महारानी 4 की कहानी को उमाशंकर सिंह ने सुभाष कपूर और नंदन सिंह के साथ मिलकर लिखा है। निर्माण सुभाष कपूर ने किया है और निर्देशक सौरभ भावे हैं। सीरीज में हुमा कुरैशी के साथ अमित सियाल, विनीत कुमार, कनी कुसरुति, अनुजा साठे, सुशील पांडे, दिव्येंदु भट्टाचार्य, सोहम शाह और प्रमोद पाठक भी अहम भूमिकाओं में हैं।

## 'कई लोग मुझे इंडस्ट्री से निकालना चाहते थे: गोविंदा



**गोविंदा** ने एक बार फिर बॉलीवुड इंडस्ट्री को लेकर कई खुलासे किए हैं। उनका मानना है कि इंडस्ट्री में उनके खिलाफ साजिश रची गई। जानिए अभिनेता ने और क्या कुछ कहा। बॉलीवुड के हीरो नंबर 1 गोविंदा पिछले लंबे वक्त से बड़े पर्दे से गायब हैं। हाल ही में उनकी कोई फिल्म रिलीज नहीं हुई है। इस दौरान गोविंदा सिर्फ रियलटी शोज में ही नजर आए हैं। एक हालिया बातचीत में गोविंदा ने इंडस्ट्री के अपने अनुभवों के बारे में बताया। इस दौरान अभिनेता ने कहा कि इंडस्ट्री में कई लोगों ने उनकी इमेज को जानबूझकर खराब करने का काम किया और उन्हें इंडस्ट्री से बाहर करना चाहते थे।

### 100 करोड़ की फिल्म छोड़ने पर खुद को मारे थप्पड़

एक यूट्यूब चैनल के साथ बातचीत में 'पार्टनर' फिल्म के अभिनेता ने उनको लेकर चलाई जाने वाली खबरों के बारे में बात करते हुए कहा, जब वे लिख रहे थे कि मेरे पास काम नहीं है, तो मैंने 100 करोड़ रुपये की फिल्म छोड़ दी थी। हालांकि, बाद में मैं खुद को आईने में देख रहा था और थप्पड़ मार रहा था कि क्यों मैंने ये फिल्म छोड़ी। मैंने खुद से कहा, 'तुम पागल हो गए हो, उस पैसे से तुम अपनी जिंदगी चला सकते थे।' फिल्म में वही भूमिका थी जो इन दिनों चल रही है। हालांकि, खुद के साथ ईमानदार होना और अपनी अंतरआत्मा की बात सुनना बहुत जरूरी है।

### मेरे खिलाफ की गई साजिशें

बातचीत के दौरान अभिनेता ने पिछले दिनों को याद करते हुए कहा, उस वक्त जानबूझकर मेरी बदनामी की गई, मेरी छवि को खराब करने का प्रयास किया गया। वे मुझे फिल्म इंडस्ट्री से हटाना चाहते थे। मैं समझ गया था कि मैं एक अशिक्षित व्यक्ति हूं और पढ़े-लिखे लोगों के बीच आ गया हूं और वे मुझे हटाना चाहते थे। मैं उनका नाम खराब नहीं कर सकता, लेकिन मुझे नहीं पता था कि वे किस हद तक जाएंगे।

## IIFA 2025:

# इम्तियाज अली ने जीता सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का खिताब



**राजस्थान** के जयपुर में आयोजित अंतरराष्ट्रीय भारतीय फिल्म अकादमी पुरस्कार में विजेताओं की घोषणा हो चुकी है। 'अमर सिंह चमकीला' के लिए इम्तियाज अली को सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का सम्मान मिला, जबकि 'पंचायत सीजन 3' को सर्वश्रेष्ठ सीरीज का खिताब दिया गया।

आईफा 2025 में करण जौहर के साथ ही करीना कपूर, शाहिद कपूर, बॉबी देओल, उर्फी जावेद, करिश्मा तन्ना, कार्तिक आर्यन समेत कई फिल्मी सितारे भी शामिल हुए। 'दो पत्ती' के लिए कृति सेनन को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का खिताब मिला। वहीं, 'सेक्टर 36' के लिए विक्रांत मैसी ने सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का खिताब अपने नाम किया। इम्तियाज अली को 'अमर सिंह चमकीला' के लिए सर्वश्रेष्ठ निर्देशन का खिताब मिला। सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री का खिताब 'बर्लिन' के लिए अनुप्रिया गोयनका को मिला है। सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता का खिताब 'सेक्टर 36' के लिए दीपक डोबरियाल को मिला। 'पंचायत सीजन 3' ने सर्वश्रेष्ठ सीरीज का पुरस्कार अपने नाम किया तो सर्वश्रेष्ठ फिल्म कहानी ओरिजनल 'दो पत्ती' के लिए कनिका ढिल्लों को मिला। सीरीज में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का खिताब 'बंदिश बैंडिट्स सीजन 2' के लिए श्रेया चौधरी को और अभिनेता का पुरस्कार जितेंद्र कुमार को 'पंचायत सीजन 3' के लिए मिला।



## लेडी गागा का खुलासा

# मानसिक स्वास्थ्य ने मुझे कमजोर बना दिया

**लॉस एंजेलिस।** अभिनेत्री-गायिका लेडी गागा ने बताया है कि पांच साल पहले उन्हें मनोविकृति का अनुभव हुआ था। रिपोर्ट के अनुसार, 38 वर्षीय गायिका और अभिनेत्री ने न्यूयॉर्क टाइम्स के द इंटरव्यू पॉडकास्ट पर अपने मानसिक स्वास्थ्य संघर्ष के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने बताया कि वह कुछ समय के लिए वास्तविकता से कट गई थीं। हालांकि, उन्होंने अपने अब के मंगेतर माइकल पोलांस्की के साथ इस कठिन समय से उपजे एक विशेष पल के बारे में भी बात की। 'पोकर फेस' गायिका ने बताया कि पांच साल पहले, मुझे मनोविकृति हुई थी। मैं कुछ समय के लिए वास्तविकता से गहराई से जुड़ी नहीं थी। इसने मुझे जीवन से पूरी तरह से दूर कर दिया, और कई सालों की कड़ी मेहनत के बाद मैंने खुद को वापस पाया। उन्होंने बताया कि माइकल से मिलना उनके लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ था। उन्होंने बताया कि यह एक कठिन समय था और वास्तव में यह बहुत खास था जब मैं अपने साथी से मिली, क्योंकि जब मैं माइकल से मिली, तो मैं बहुत बेहतर स्थिति में थी, लेकिन मुझे याद है कि उन्होंने मुझसे बहुत पहले कहा था, मुझे पता है कि तुम जितनी खुश हो, उससे कहीं अधिक खुश हो सकती हो। सप्ताह की शुरुआत में अपना सातवां स्टूडियो एल्बम रिलीज करने वाली लेडी गागा ने स्वीकार किया कि ये शब्द सुनना चुनौतीपूर्ण था। उन्होंने कहा कि मेरे लिए उसे यह कहते हुए सुनना वाकई मुश्किल था, क्योंकि मैं नहीं चाहती थी कि वह मेरे बारे में ऐसा सोचे। मैं चाहती थी कि वह मुझे एक खुशमिजाज़, पूरी तरह से एकजुट व्यक्ति की तरह समझे।

# बिटिया की प्रेग्नेंसी पर सुनील शेट्टी ने दी प्रतिक्रिया



सुनील शेट्टी जल्द नाना बनेंगे। उनकी बिटिया और अभिनेत्री अथिया शेट्टी प्रेग्नेंट हैं। वे और केएल राहुल जल्द अपनी पहली संतान का स्वागत करेंगे। दोनों के घर में नन्हे मेहमान के स्वागत की तैयारी हो रही हैं। अभिनेता सुनील शेट्टी ने हाल ही में अथिया की प्रेग्नेंसी को लेकर बात की। उन्होंने कहा कि अथिया एक बहुत शानदार मां साबित होंगी। सुनील शेट्टी नाना बनने वाले हैं। हाल ही में एक इवेंट में उन्होंने अपनी जिंदगी की इस एक नई भूमिका के बारे में बात की। उन्होंने कहा, अथिया एक खूबसूरत और शानदार मां बनेंगी।

## जावेद अख्तर ने की थी आमिर खान के सुपरस्टार बनने की भविष्यवाणी



**मुंबई** में जावेद अख्तर और आमिर खान ने साथ मिलकर फिल्म फेस्टिवल आमिर खान~ सिनेमा का जादूगर का ट्रेलर लॉन्च किया। यह खास फिल्म फेस्टिवल 14 मार्च, यानी आमिर खान के जन्मदिन से शुरू होकर 27 मार्च तक चलेगा। इस दौरान उनकी कुछ आइकॉनिक फिल्में फिर से बड़े पर्दे पर दिखाई जाएंगी, जो फैंस के लिए किसी ट्रीट से कम नहीं होंगी। इस दौरान जावेद अख्तर ने आमिर खान से जुड़ी कई दिलचस्प बातों का खुलाया किया।

### जावेद अख्तर की भविष्यवाणी

जावेद अख्तर ने इस कार्यक्रम के दौरान आमिर खान की जमकर तारीफ की और कहा, मैंने पहले भी अपनी गर्दन पर दांव लगाया है और सही साबित हुआ हूं। अमिताभ के फ्लॉप होने के बाद मैंने भविष्यवाणी की थी कि आमिर सुपरस्टार बनेंगे। आगे जावेद अख्तर ने आमिर की प्रशंसा करते हुए कहा, आज मैं भविष्यवाणी कर रहा हूं कि आमिर खान की वो फिल्म जो सबको कनेक्ट करेगी वो सुपरहिट होगी।

### जावेद ने बनाई थी लगान की लिस्ट

आमिर का जादू ही है कि उन्होंने अपनी अलग तरह की कई फिल्मों पर पैसा लगाया है। जावेद अख्तर ने आमिर के बारे में कहा, मैंने उनसे पूछा कि लगान क्यों नहीं करते। बहुत समझाने की कोशिश की। एक लिस्ट भी बनाई कि क्या-क्या गलतियां हैं। फिर इस लिस्ट के साथ लगान की स्क्रिप्ट तैयार की। इस लिस्ट में गांव का हीरो, हीरो धोती पहनेगा, फिल्म में क्रिकेट होगा और फिल्म के गानों में बारिश होगी या नहीं। यह सब कुछ होगा। जावेद ने आगे कहा, जब मैंने लगान का पहला कट देखा तो मैं दंग रह गया।

## मानुषी छिल्लर ने बताया क्यों व्यावहारिकता शोबिज़ में मायने रखती है

**मिस** वर्ल्ड मानुषी छिल्लर की मेडिकल फील्ड से फिल्मों तक की यात्रा प्रेरणादायक रही है। वह मानती हैं कि ग्लैमर की दुनिया एक चुनौतीपूर्ण क्षेत्र है, जिसमें सच्चा जुनून और प्रतिबद्धता आवश्यक है। आपको इसे वास्तव में पूरे मन से चाहना होगा। मनोरंजन उद्योग में केवल प्रतिभा ही काफी नहीं होती, बल्कि इसके लिए अटूट समर्पण, धैर्य और मानसिक मजबूती भी जरूरी होती है। बॉलीवुड में बिना किसी फिल्मी कनेक्शन के कदम रखने वाली मानुषी नए कलाकारों को करियर के फैसले सोच-समझकर लेने की सलाह देती हैं।



वह जल्दबाजी में कोई भी बड़ा फैसला लेने, जैसे कि बिना किसी योजना के नई जगह शिफ्ट होने या शून्य से शुरुआत करने से बचने की सलाह देती हैं। इसके बजाय, वह बैकअप प्लान रखने पर जोर देती हैं, खासकर उन लोगों के लिए जो मनोरंजन उद्योग में नए हैं। मानुषी के अनुसार, फिल्मों में सफलता का सफर अनिश्चितताओं से भरा होता है और यहां प्रतिस्पर्धा बेहद कड़ी होती है। वह मानती हैं कि प्रतिभा और कड़ी मेहनत जितनी जरूरी है, उतनी ही महत्वपूर्ण वित्तीय और मानसिक स्थिरता भी होती है। यह स्थिरता कलाकारों को हड़बड़ी में जोखिम उठाने के बजाय सोच-समझकर फैसले लेने में मदद करती है। मैं कभी भी यह सलाह नहीं दूंगी कि बिना किसी योजना के सबकुछ छोड़कर फिल्म इंडस्ट्री में आ जाएं।

# राष्ट्रमंडल खेल महासंघ ने बदला नाम, अब 'कॉमनवेल्थ स्पोर्ट' के रूप में पहचाना जाएगा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रमंडल खेल महासंघ (कॉमनवेल्थ गेम्स फेडरेशन- सीजीएफ) ने सोमवार को अपने नाम में बदलाव करते हुए इसे 'कॉमनवेल्थ स्पोर्ट' करने की घोषणा की। यह बदलाव संगठन को एक खेल महासंघ से एक खेल आंदोलन में परिवर्तित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

यह घोषणा राष्ट्रमंडल दिवस (10 मार्च) के अवसर पर की गई। महासंघ की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया, 'राष्ट्रमंडल दिवस 2025 से, राष्ट्रमंडल खेल महासंघ को 'कॉमनवेल्थ स्पोर्ट' के रूप में जाना जाएगा। यह नया नाम संगठन के खेल महासंघ से एक खेल आंदोलन बनने के सफर को



दशार्ता है।

कॉमनवेल्थ स्पोर्ट की मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) केटी सैडलियर ने कहा, ''कॉमनवेल्थ स्पोर्ट' नाम हमारे उद्देश्य को और मजबूत और एकीकृत तरीके से प्रस्तुत करता है, जिससे हमारी पहचान अधिक प्रभावशाली और व्यापक होगी।' हालांकि, कानूनी तौर पर संगठन का नाम 'कॉमनवेल्थ गेम्स फेडरेशन' बना रहेगा।

### किंग चार्ल्स ने किया किंग्स बैटन रिले का शुभारंभ

इस बीच, कॉमनवेल्थ स्पोर्ट के संरक्षक किंग चार्ल्स ने सोमवार को बकिंघम पैलेस में ग्लास्गो 2026 राष्ट्रमंडल खेलों के लिए 'कॉमनवेल्थ स्पोर्ट किंग्स बैटन रिले' का आधिकारिक शुभारंभ किया। उन्होंने राष्ट्रमंडल के लिए अपना संदेश पहले बैटन में रखा और इसे पहले धावक सर क्रिस होय को सौंपकर इस ऐतिहासिक रिले की शुरूआत की। यह आयोजन ग्लास्गो 2026 के उद्घाटन समारोह से 500 दिन पहले किया गया। इस बार का बैटन रिले अब तक का सबसे लंबा रिले होगा, जिसमें 74 राष्ट्रमंडल देशों और क्षेत्रों के खेल महासंघों को अपनी गतिविधियों के आयोजन के लिए छह दिन तक का समय मिलेगा।

## एशियन चैंपियंस लीग

# अल नास्त्र ने एस्तेगलाल को 3-0 से हराकर क्वार्टरफाइनल में किया प्रवेश

एजेंसी

**नई दिल्ली।** रियाद के अल अव्वल स्टेडियम में खेले गए एशियन चैंपियंस लीग के एलीट राउंड ऑफ 16 के दूसरे चरण में अल नास्त्र ने एस्तेगलाल को 3-0 से हराकर क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। इस मुकाबले में टीम के नए खिलाड़ी झॉन डुरान ने दो गोल किए, जबकि क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने पेनल्टी के जरिए स्कोर किया। पहले चरण के गोलरहित ड्रॉ के बाद, सऊदी प्रो लीग क्लब ने कुल 3-0 के एग्रीगेट स्कोर से क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई। अल नास्त्र ने शुरू से ही आक्रामक खेल दिखाया और झॉन डुरान, रोनाल्डो और सादियो माने की तिकड़ी ने शुरूआती गोल के लिए दबाव बनाया। पहला गोल एस्तेगलाल के गोलकीपर होसैन होसैनी की गलती से आया, जब उनका गलत पास सीधे डुरान के पास पहुंच गया। डुरान ने डिफेंडर को पछाड़ते हुए शानदार चिप शॉट से गेंद को नेट में डाल दिया।

30वें मिनट से पहले ही अल नास्त्र ने अपनी बढ़त को दोगुना कर लिया। रोनाल्डो ने एस्तेगलाल के बॉक्स में एक भटके हुए पास का



पीछा किया और बैकहील पास से गेंद माने के लिए सेट की, जिन्हें डिफेंडर ने गिरा दिया। कप्तान रोनाल्डो ने पेनल्टी को पैनेंका स्टाइल में नेट के बीचोंबीच डालते हुए स्कोर 2-0 कर दिया।

पहले हाफ के अंतिम क्षणों में एस्तेगलाल के मेहरान अहमदी को रेड कार्ड दिखाया गया, जिससे उनकी टीम को दूसरे हाफ में 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा।

दूसरे हाफ में मेजबान टीम ने कई मौके बनाए और तेज पासिंग के जरिए तीसरे गोल की तलाश की। आखिरकार, 84वें मिनट में डुरान ने काउंटर अटैक पर शानदार शॉट लगाते हुए गेंद को बाएं कोने में डालकर अपनी टीम की जीत को पक्का किया। भले ही एस्तेगलाल ने कुछ मौकों पर वापसी की कोशिश की, लेकिन अल नास्त्र ने मुकाबले को आसानी से अपने नाम कर लिया और एशियन चैंपियंस लीग के क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली।

# पीएम मोदी दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे मॉरिशस, हुआ स्वागत



**पोर्ट लुईस :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपनी दो दिवसीय यात्रा पर मंगलवार को मॉरिशस पहुंच गए। मॉरिशस के प्रधानमंत्री नवीन रामगुलाम ने एयरपोर्ट पहुंच कर गर्मजोशी से उनका स्वागत किया। उनके साथ मॉरिशस के उप प्रधानमंत्री, मुख्य न्यायाधीश, विपक्ष के नेता व विदेश मंत्री सहित अन्य गणमान्य लोग भी मौजूद थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपनी दो दिवसीय यात्रा के लिए मंगलवार सुबह 6 बजे (स्थानीय समयानुसार) मॉरिशस के सर शिवसागर रामगुलाम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचे।मोदी ने अपने भव्य स्वागत के लिए आभार व्यक्त करते हुए एक्स पोस्ट में लिखा- मैं मॉरिशस पहुँच गया हूँ। मैं अपने मित्र प्रधानमंत्री डॉ. नवीनचंद्र रामगुलाम का आभारी हूँ, जिन्होंने हवाई अड्डे पर मेरा



विशेष स्वागत किया। यह यात्रा एक मूल्यवान मित्र से मिलने और विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग के नए रास्ते तलाशने का एक शानदार अवसर है। आज मैं राष्ट्रपति धरम गोखूल, प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम से मिलूँगा और शाम को एक सामुदायिक कार्यक्रम को संबोधित करूँगा।' उल्लेखनीय है कि बता मोदी मॉरिशस की दो दिवसीय यात्रा पर हैं। वे राष्ट्रीय दिवस समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे और उनके इस दौरे में कई द्विपक्षीय समझौते भी होंगे।

## नोएडा व गाजियाबाद में सक्रिय लुटेरा विशाल पुलिस मुठभेड़ में घायल, साथी फरार

एजेंसी

**गाजियाबाद :** थाना विजयनगर पुलिस ने सोमवार की रात में मुठभेड़ के दौरान गाजियाबाद, नोएडा में सक्रिय शातिर लुटेरे विशाल कुमार को गिरफ्तार किया है। नोएडा व गाजियाबाद के विभिन्न पुलिस थानों में उसके खिलाफ कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। मुठभेड़ के दौरान पुलिस की गोली से वह घायल हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसके कब्जे से एक तमंचा 315 बोर, दो जिन्दा व दो खोखा कारतूस, चोरी की एक मोटर साईकिल, व 2350 रुपये बरामद हुए हैं। इस दौरान उसका एक साथी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। एसीपी रितेश त्रिपाठी ने बताया कि थाना



विजयनगर पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक मोटर साइकिल बिना नम्बर अपाचे ग्रे रंग पर सवार दो बदमाशो को रोकने का प्रयास किया। इस पर बदमाशो ने पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नियत से फायर करते हुये भागने का प्रयास किया। जिसमें आत्मरक्षार्थ पुलिस पार्टी ने भी फायरिंग की । मुठभेड़ में एक बदमाश को गोली लगने से वह घायल हो गया। पूछताछ में उसने अपना नाम विशाल कुमार निवासी पखेत भीमनगर थाना क्रासिंग रिपब्लिक बताया है। पूछताछ में बताया कि उसने तथा उसके साथी ने रात में बन्द दुकान एवं घरो में उनके ताले तोड़ कर एवं राहगीर से चोरी व लूट की घटना कारित करते है तथा जो भी रुपए सामान आदि मिलते है उसे हम दोनो आपस में बांट लेते है।

## भाजपा विधायक केतकी सिंह की मांग, बलिया के मेडिकल कालेज में मुस्लिमों के लिए अलग हो विंग

एजेंसी

**बलिया :**बांसडीह से भाजपा की महिला विधायक केतकी सिंह का एक अजीबोगरीब बयान सामने आया है। उन्होंने बलिया में बनने वाले मेडिकल कॉलेज में मुसलमानों के लिए अलग विंग की मांग मुख्यमंत्री योगी अदित्यनाथ से की है। उनका तर्क है कि इससे हिन्दू सुरक्षित रहेगा। यूपी बजट में बलिया को मेडिकल कॉलेज की सौगात मिलने के बाद बीजेपी की महिला विधायक केतकी सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मेडिकल कॉलेज में मुस्लिमों की एंट्री को लेकर कहा कि मुसलमानों के लिए मेडिकल कॉलेज में अलग विंग यानी अलग बिल्डिंग बना दिया जाय। ताकि हिन्दू सुरक्षित रह सके।

दरअसल, बलिया में



मेडिकल कॉलेज की कैबिनेट में स्वीकृति के बाद पहली बार बलिया पहुंचीं बांसडीह विधानसभा से फायर ब्रांड महिला विधायक ने पत्रकारों से बातचीत की कहा कि मुसलमानों को हिन्दुओं की होली, रामनवमी, दुर्गा पूजा से तो दिक्कत होती है। हम लोगों के साथ इलाज कराने में भी हो सकता है कि उनको दिक्कत हो। इसलिए मैं महाराज जी (मुख्यमंत्री) से मांग करतीं हूं कि जब इतना खर्च हो ही रहा है तो एक अलग बिल्डिंग और एक अलग विंग बना दिया जाय कि वे (मुसलमान) जाकर अपना इलाज वहां करा लें। अगर आपको हमारे साथ रहने में दिक्कत है तो उपचार में भी हो सकती है। विधायक ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मांग की कि दीवाली के मौके पर जब मेडिकल कॉलेज बन रहा है तो एक अलग विंग उन लोगो के लिए बना दिया जाय ताकि हम भी सुरक्छित महसूस करें।

## मालदह में पुलिस पर हमला, एएसआई घायल

एजेंसी

**मालदह :** पश्चिम बंगाल के मालदह जिले में नाका चेकिंग के दौरान पुलिस पर हमले की घटना सामने आई है। सोमवार को मोथाबाड़ी इलाके में पुलिस जब वाहनों की जांच कर रही थी, तब कुछ युवकों ने एक कार के वैध दस्तावेज न होने का आरोप लगाया और इसका लाइव वीडियो बनाना शुरू कर दिया। जब पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की, तो विवाद बढ़ गया और झड़प में मोथाबाड़ी थाने के एएसआई रेजाउल करीम घायल हो गए। इस मामले में पुलिस ने तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। सोमवार को पुलिस रोजाना की तरह मोथाबाड़ी के गीता मोड़ इलाके में नाका चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक युवक ने पुलिस की कार्रवाई का लाइव वीडियो बनाना शुरू कर दिया। एक सिविक वॉलंटियर ने उसे रोकने की कोशिश की, जिससे विवाद शुरू हो गया। युवकों ने आरोप लगाया कि पुलिस खुद अवैध वाहन का इस्तेमाल कर रही है और स्थानीय लोगों से अवैध वसूली कर रही है। इसके बाद पुलिस और युवकों के बीच बहस तेज हो गई। पुलिस ने मौके पर अतिरिक्त बल बुलाया, लेकिन तब तक स्थानीय लोग भी आक्रोशित हो चुके थे। विवाद इतना बढ़ गया कि लोगों ने एएसआई रेजाउल करीम पर हमला कर दिया। इस दौरान पूरी घटना का वीडियो वायरल हो गया। मामले को बढ़ता देख मोथाबाड़ी थाना प्रभारी भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करने की कोशिश की, लेकिन तब तक माहौल तनावपूर्ण हो चुका था। बाद में वायरल वीडियो के आधार पर तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। इस घटना के बाद राजनीतिक बहस भी छिड़ गई है। हाल ही में राज्य की मंत्री साबिना यास्मिन ने एक बैठक में पुलिस की भूमिका पर सवाल उठाए थे और कहा था कि यदि पुलिस अन्याय करती है तो पूरा तृणमूल कमेटी थाना घेराव करेगी। अब इस हमले के बाद सवाल उठने लगे हैं कि क्या इस तरह की बयानबाजी से लोग कानून हाथ में लेने लगे हैं?

### डीआईजी शिव कुमार ने कठुआ में लापता लड़कों के परिवारों से की मुलाकात

**जम्मू :** डीआईजी जेकेएस रेंज शिव कुमार शर्मा (आईपीएस) ने दो लापता लड़कों दीनू (15) और रहमत अली (12) के परिवारों से मिलने के लिए आज राजबाग और मरहीन का दौरा किया और उन्हें आश्वासन दिया कि उन्हें खोजने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। बिलावर क्षेत्र में एक गहरी खाई में तीन स्थानीय लोगों के मृत पाए जाने के कुछ ही दिनों बाद लड़के लापता हो गए हैं। डीएसपी बॉर्डर धीरज कटोच और एसएचओ राजबाग अजय चिब के साथ डीआईजी ने परिवारों को आश्वासन दिया कि पुलिस टीमें मामले पर सक्रिय रूप से काम कर रही हैं।

## शेयर बाजार में शुरूआती कारोबार के दौरान दबाव
# सेंसेक्स और निफ्टी में गिरावट

एजेंसी

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार आज शुरूआती कारोबार के दौरान दबाव में नजर आ रहा है। आज के कारोबार की शुरूआत गिरावट के साथ हुई थी। बाजार खुलने के बाद सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की कमजोरी थोड़ी और बढ़ी, लेकिन इसके बाद खरीदारों ने लिवाली शुरू कर दी। इस लिवाली के कारण शेयर बाजार निचले स्तर से रिकवरी करता हुआ नजर आया। पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.29 प्रतिशत और निफ्टी 0.17 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार कर रहे थे।

शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से सन फार्मास्यूटिकल्स, आईसीआईसीआई बैंक, बीपीसीएल, अडाणी एंटरप्राइजेज और ब्रिटानिया के शेयर 2.25 प्रतिशत से लेकर 0.85 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर इंडसइंड बैंक, इंफोसिस, विप्रो, महिंद्रा एंड महिंद्रा और



बजाज फिनसर्व के शेयर 20.01 प्रतिशत से लेकर 2.06 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते हुए नजर आ रहे थे।

अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,467 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 565 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 1,902 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 9 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 21 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 21 शेयर हरे निशान में और 29 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे।

बीएसई का सेंसेक्स आज 371.29 अंक टूट कर 73,743.88 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होते ही यह सूचकांक गिर कर 73,663.60 तक पहुंच गया?। इस गिरावट के बाद खरीदारी का सपोर्ट मिलने के बाद कारण इस सूचकांक की चाल में लगातार सुधार होने लगा। बाजार में लगातार जारी खरीद-बिक्री के बीच पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे सेंसेक्स 216.79 अंक की कमजोरी के साथ 73,898.38 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

सेंसेक्स की तरह एनएसई के निफ्टी ने आज 114.35 अंक फिसल कर 22,345.95 अंक के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। बाजार खुलते ही बिकवाली के दबाव में यह सूचकांक फिसल कर 22,314.70 अंक तक पहुंच गया। इस गिरावट के बाद खरीदारों ने लिवाली शुरू कर दी, जिसके कारण इस सूचकांक की स्थिति में भी सुधार होता हुआ नजर आने लगा। बाजार में लगातार जारी लिवाली और बिकवाली के बीच शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे निफ्टी 38.55 अंक की कमजोरी के साथ 22,421.75 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

इसके पहले पिछले कारोबारी दिन सोमवार को सेंसेक्स 217.41 अंक यानी 0.29 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 74,115.17 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं, निफ्टी ने 92.20 अंक यानी 0.41 प्रतिशत की गिरावट के साथ 22,460.30 अंक के स्तर पर सोमवार के कारोबार का अंत किया था।

## सर्राफा बाजार में महंगा हुआ सोना चांदी के भाव में मामूली गिरावट

एजेंसी

**नई दिल्ली।** घरेलू सरार्फा बाजार में आज सोने की कीमत में तेजी का रुख नजर आ रहा है। दूसरी ओर, चांदी के भाव में आज मामूली गिरावट दर्ज की गई है। सोने के भाव में तेजी आने के कारण देश के ज्यादातर सरार्फा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 87,830 रुपये से लेकर 87,980 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 80,510 रुपये से लेकर 80,660 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। वहीं, चांदी की कीमत में आज गिरावट आने के कारण दिल्ली सरार्फा बाजार में ये चमकीली धातु 98,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना 87,980 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 80,660 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 87,830 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 80,510 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 87,880 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 80,560 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 87,830 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 80,510 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 87,830 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 80,510 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सरार्फा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 87,980 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 80,660 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं, पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 87,880 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 80,560 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 87,980 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 80,660 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## न्यूज IN ब्रीफ

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वीर शिरोमणि छत्रपति संभाजी महाराज को पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की

**भोपाल :** मराठा साम्राज्य के संस्थापक छत्रपति शिवाजी महाराज के वीर पुत्र, पराक्रमी योद्धा छत्रपति संभाजी महाराज की आज मंगलवार को पुण्यतिथि है। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भी महान योद्धा छत्रपति संभाजी महाराज के बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोशल मीडिया पर लिखा धर्मनिष्ठा और राष्ट्रभक्ति के प्रेरणास्त्रोत, वीर शिरोमणि छत्रपति संभाजी महाराज की पुण्यतिथि पर कोटि-कोटि नमन करता हूँ। अद्वितीय वीरता और मातृभूमि की रक्षा के लिए आपका बलिदान सदैव राष्ट्र और धर्म की सेवा के लिए प्रेरणा प्रदान करते रहेंगे।

### झुग्गी में लगी आग, 3 लोगों की मौत

**नई दिल्ली :** कड़कड़डूमा कोर्ट स्थित एक झुग्गी में बीती देर रात अचानक आग लग गई। हादसे में तीन लोगों की जलकर मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस के अलावा दमकल की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचकर आधे घंटे के भीतर आग पर काबू पाया। तलाशी के दौरान झुग्गी से तीन शव बुरी तरह जले मिले। पुलिस ने तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नजदीकी अस्पताल के शवगृह में सुरक्षित रखवा दिया है। मृतकों की पहचान जग्गी (34), श्याम सिंह (36) और जितेन्द्र (35) के रूप में हुई है। तीनों उत्तर प्रदेश के ओरैया के रहने वाले थे। दमकल विभाग के मुताबिक हादसा सोमवार देर रात करीब 2.22 बजे कड़कड़डूमा कोर्ट स्थित एजीसीआर एन्क्लेव के पास हुआ। यहां देर रात एक झुग्गी में आग लग गई। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस व दमकल की दो गाड़ी मौके पर पहुंची। दमकलकर्मियों ने आधे घंटे के भीतर आग पर काबू पाया। आग बुझाने के बाद जब सर्च ऑपरेशन चलाया तो झुग्गी के अंदर से तीन जले हुए शव बरामद हुए। फिलहाल पुलिस आग लगने के कारणों की जांच कर रही है।

### राजस्थान में गर्मी का असर तेज, कई जिलों में हीटवेव का अलर्ट

**जयपुर :** राजस्थान में गर्मी ने समय से पहले ही दस्तक दे दी है और लू का असर दिखने लगा है। सोमवार को राज्य के बाड़मेर और जालोर जिलों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया, जिससे लोगों को तेज धूप और उमस का सामना करना पड़ा। मौसम विभाग ने आगामी दो दिनों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है, खासकर बाड़मेर और जालोर में लू चलने की आशंका जताई गई है। मौसम विभाग के पूवार्नुमान के अनुसार होली के दिन बीकानेर, जयपुर और भरतपुर संभाग के कुछ जिलों में बादल छाने और हल्की बारिश होने की संभावना है, जिससे तापमान में थोड़ी गिरावट आ सकती है। सोमवार को सबसे अधिक गर्मी बाड़मेर में दर्ज की गई, जहां तापमान 41 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। जालोर में भी तापमान 40.1 डिग्री सेल्सियस रहा। इसके अलावा, पाली में 38 डिग्री सेल्सियस, सिरोही में 38.3 डिग्री सेल्सियस, डूंगरपुर में 38.2 डिग्री सेल्सियस, चित्तौड़गढ़ में 38.4 डिग्री सेल्सियस और जैसलमेर में 39.5 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार आमतौर पर राजस्थान में मार्च के अंत तक लू चलने की स्थिति बनती है, लेकिन इस बार यह जल्दी शुरू हो गई है। मौसम में अचानक आए इस बदलाव से लू लगने और अन्य बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने विशेष रूप से बच्चों और बुजुर्गों को दोपहर में धूप में निकलने से बचने की सलाह दी है। साथ ही, लोगों को अधिक मात्रा में पानी पीने और खुद को हाइड्रेटेड रखने की हिदायत दी गई है। जयपुर मौसम केंद्र के अनुसार 13 से 15 मार्च के बीच राजस्थान में एक हल्का पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा, जिससे 13 मार्च को बीकानेर, गंगानगर, हनुमानगढ़ और चूरू जिलों में हल्की बारिश और बूंदाबांदी हो सकती है। 14 मार्च को इसका असर जयपुर, झुंझुनूं, अलवर, दौसा और करौली जैसे जिलों में भी देखने को मिलेगा, जहां बादल छाने और हल्की बारिश होने की संभावना है।

### जादवपुर विश्वविद्यालय में आपत्तिजनक ग्रैफिटी पर बवाल

**कोलकाता :** जादवपुर विश्वविद्यालय में छात्र संघ चुनाव की मांग पर शुरू हुआ आंदोलन अब राष्ट्र विरोधी गतिविधियों का भी केंद्र बनता जा रहा है। यहां आंदोलन की आड़ में कश्मीर और फिलिस्तीन को लेकर आपत्तिजनक ग्रैफिटी का इस्तेमाल किया गया, जिसे लेकर विवाद खड़ा हो गया है। विश्वविद्यालय परिसर के गेट नंबर तीन के पास एक दीवार पर यह नारे लिखे जाने के बाद राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। जहां तृणमूल कांग्रेस समर्थित शिक्षकों और छात्र संगठनों ने इसका विरोध किया, वहीं वामपंथी छात्र संगठनों ने इसे लेकर सरकार पर दमनकारी नीति अपनाने का आरोप लगाया। जादवपुर विश्वविद्यालय परिसर में गेट नंबर तीन के पास एक दीवार पर 'आजाद कश्मीर' और 'फ्री फिलिस्तीन' लिखे जाने के बाद कैंपस में विवाद शुरू हो गया। विश्वविद्यालय प्रशासन को इसकी जानकारी मिलने के बाद इस बात की जांच शुरू हुई कि यह नारे किसने लिखे और इसके पीछे कौन लोग हैं। हालांकि, अब तक यह स्पष्ट नहीं हो सका कि इसके लिए कौन जिम्मेदार है। घटना पर विश्वविद्यालय के तृणमूल छात्र परिषद (टीएमसीपी) के अध्यक्ष किशलय रॉय ने कहा, ₹कुछ अति-वामपंथी छात्र संगठन इस तरह की गतिविधियों में शामिल हैं। अगर कोई कैंपस में घूमे तो और भी कई जगह इस तरह की ग्रैफिटी देखी जा सकती हैं। वहीं, स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) के नेता अभिनबा बसु ने इस आरोप को खारिज करते हुए कहा, ₹हम अलगाववादी विचारधारा का समर्थन नहीं करते लेकिन हम भाजपा शासित राज्यों में अल्पसंख्यकों पर हो रहे दमन के खिलाफ हैं। फिलिस्तीन मुद्दे पर हमारा रुख बिल्कुल स्पष्ट है। तृणमूल कांग्रेस समर्थित शिक्षकों के मंच से जुड़े प्रोफेसर ओम प्रकाश मिश्रा ने इस ग्रैफिटी पर नाराजगी जताते हुए कहा, ₹हम किसी भी पोस्टर या ग्रैफिटी का समर्थन नहीं करते जो अलगाववाद को बढ़ावा दे।

### फूड सेफ्टी ऑफिसर भर्ती, 2019 से हाईकोर्ट की रोक हटी

**जयपुर :** हाईकोर्ट ने फूड सेफ्टी ऑफिसर के 89 पदों के लिए आरपीएससी की ओर से आयोजित 2019 की भर्ती प्रक्रिया पर 24 अगस्त 2020 के आदेश से लगाई गई रोक सोमवार को हटा दी है। जस्टिस समीर जैन ने यह निर्देश फूड सेफ्टी ऑफिसर भर्ती 2022 में भाग लेने वाले अभ्यर्थी कुलदीप चौधरी की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया। सुनवाई के दौरान राज्य के एजी ने कहा कि जोधपुर मुख्यपीठ से 2019 की भर्ती प्रक्रिया पर लगी रोक हट गई है। जयपुर पीठ ने भी जोधपुर मुख्यपीठ के अनुसरण में ही फूड सेफ्टी ऑफिसर भर्ती 2019 के चयन सहित पूरी भर्ती प्रक्रिया पर रोक लगाई थी। ऐसे में यहां पर लगी रोक भी हटाई जाए। वहीं 2022 की भर्ती पर फिलहाल रोक जारी है। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता प्रखर गुप्ता ने कहा कि इस भर्ती पर लंबे समय से रोक चल रही है। भर्ती में चयनित होने वाले अभ्यर्थी रोक के कारण नियुक्ति से वंचित चल रहे हैं। इसलिए साल 2019 व 2022 की फूड सेफ्टी ऑफिसर भर्ती प्रक्रिया से रोक हटाई जाए। अदालत ने दोनों पक्षों को सुनकर 2019 की फूड सेफ्टी ऑफिसर भर्ती प्रक्रिया पर लगी रोक हटा दी।

## न्यूज ब्रीफ

### एसकेएमयू ने घोषित किया तीन परीक्षाओं के लिए फॉर्म भरने की तिथि

**दुमका :** सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका ने सोमवार को कुल तीन परीक्षाओं के लिए फॉर्म भरने की तिथि घोषित कर दी, जिसमें बीएड सेमेस्टर-1, बीबीए और बीसीए सेमेस्टर-1 की परीक्षाएं भी शामिल हैं। कुलपति प्रो बिमल प्रसाद सिंह के निर्देश पर विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ. जय कुमार साह ने सोमवार को उक्त परीक्षा के लिए फॉर्म भरने से संबंधित अधिसूचना जारी कर दी है। उक्त सभी परीक्षाओं के लिए परीक्षा फॉर्म बिना विलंब शुल्क के 18 से 26 मार्च तक निर्धारित किया गया है, जबकि क्रमशः 200 रुपये और 500 रुपये विलंब शुल्क के साथ 27 से 30 मार्च और 31 मार्च से 2 अप्रैल तक निर्धारित किया गया है तथा फॉर्म की हार्ड कॉपी संबंधित विभाग या कॉलेज में जमा करने की तिथि 3 से 5 अप्रैल निर्धारित की गई है। छात्र विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट से परीक्षा फॉर्म भरने से संबंधित अधिसूचना डाउनलोड कर देख सकते हैं.

### लोको स्थित साई मंदिर में रंगभरी एकादशी के पर हुई विशेष पूजा अर्चना



लोको स्थित साई मंदिर में मंदिर के पुजारी नित्यानंद पांडे के द्वारा रंग भरी एकादशी के अवसर पर भोलेनाथ शिव शंकर की विशेष पूजा अर्चना करने के साथ-साथ अलौकिक रूप से श्रृंगार भी किया गया, विशेष रूप से की गई पूजा के अवसर पर भक्त और श्रद्धालु भी मुख्य रूप से काफी संख्या में उपस्थित थे और उन्होंने बाबा का दर्शन किया, रुद्राभिषेक के अवसर पर उपस्थित भक्त जनों ने भी भोलेनाथ की पूजा अर्चना की, इस अवसर पर मंदिर के पुजारी नित्यानंद पांडे ने बताया कि प्रत्येक होली के पूर्व एकादशी के दिन रंग भरी एकादशी मनाया जाता है, जिसमें भोलेनाथ की विशेष पूजा अर्चना और उन्हें रंग अबीर लगाकर विशेष रूप से पूजा की जाती है, इस अवसर पर काफी संख्या में भक्त और श्रद्धालु मुख्य रूप से उपस्थित थे

### शांति समिति की बैठक सह होली मिलन समारोह का हुआ आयोजन



**जामा :** जामा थाना परिसर में सोमवार को होली पर्व को लेकर अंचलाधिकारी अशोक' बड़ाईक की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में समिति के कई सदस्यों ने होली में शराब और डीजे पर पूर्ण पाबंदी लगाने की मांग की। पुलिस निरीक्षक एके कच्छप ने समिति के सदस्यों को बताया कि संवेदनशील जगहों पर पुलिस की निगरानी रखी जायेगी जहाँ पहले कोई घटना हुई है वहां गश्ती दल नियुक्त किये जायेंगे। किसी को भी जबरन रंग न लगाया जाय। यह पर्व को सौहार्दपूर्ण तरीके से मनायें। वहीं थाना प्रभारी अजीत कुमार ने बताया कि सोशल मीडिया के माध्यम से अफवाह फैलाने वाले पर नजर रखी जायेगी उनको चिन्हित किया जायेगा। सोशल मीडिया के एडमिन अपने अपने वाट्सएप ग्रुप पर नजर बनाये रखेंगे। अन्यथा एडमिन पर भी कार्यवाही की जा सकती है। थाना प्रभारी ने बताया कि होली रंगों का त्योहार है सभी लोग सौहाद्रपूर्ण वातावरण में होली मनायें। असामाजिक तत्वों पर पुलिस की निगरानी रहेगी। किसी भी अप्रिय घटना की सूचना मिले तो अविलंब थाना को सूचित किया जाय। पुलिस को सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जायेगा। बैठक में बारी बारी से सभी सदस्यों से सुझाव भी लिये गये। इसके पश्चात होली की गीतों पर ढोल करताल के साथ सभी सदस्यों झूमते हुए देखा गया। होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें शांति समिति के सदस्यों और पदाधिकारियों ने एक दूसरे को रंग बिरंगे गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। साथ ही सभी ने मिलकर होली भी गाया। मौके पर एसआई बिरेन्द्र यादव, कालेश्वर सोरेन, उमा यादव, सत्तार खां, इंद्रकांत यादव, प्रेम साह, गौतम दर्वे, सुभाष मंडल, आनंदी राउत, इन्द्रकांत यादव, सामाजिक कार्यकर्ता चंद्रकांत मंडल, सुकदेव ठाकुर, मोहन राउत सहित थाना परिवार के सभी सदस्य उपस्थित थे।

### मिहिजाम में फायरिंग मामले का पुलिस ने किया खुलासा, तीन आरोपी गिरफ्तार

**जामताड़ाः** मिहिजाम में बीते 7 मार्च को अपराधियों द्वारा गोली मारकर युवक को जख्मी कर दिए जाने के मामले का जामताड़ा पुलिस ने खुलासा कर दिया है. पुलिस ने घटना में शामिल तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है और एक नाबालिग को निरुद्ध किया है. साथ ही पुलिस ने अपराधियों के पास से एक पिस्तौल और घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद की है. इसकी पुष्टि एसडीपीओ आनंद विकास लगोरी ने की है. एसडीपीओ ने बताया कि पैसे के लेन-देन में युवक पर गोली चलाई गई थी. उन्होंने बताया कि अपराधियों और युवक के बीच पैसे के लेन-देन को लेकर विवाद चल रहा था. जिसे लेकर अपराधियों ने युवक की हत्या की योजना बनाई थी. इस क्रम में 7 मार्च को युवक विनय यादव अपनी बाइक से बाजार से घर लौट रहा था. इस दौरान मुख्य सड़क पर पहले से घात लगाए अपराधियों ने जान से मारने की नीयत से विनय पर गोली चला दी. गोली लगने से युवक बुरी तरह जख्मी हो गया. आनन-फानन में युवक को चितरंजन कस्तूरबा गांधी अस्पताल भर्ती कराया गया. जहां चिकित्सकों ने युवक को बेहतर इलाज के लिए दुगार्पुर रेफर कर दिया था.

### 14 तक पूरा हो जाएगा एनएच-220 का पुनर्निर्माण

**जमशेदपुर :** झारखंड हाइ कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की पीठ ने एनएच-220 के रसुनचोपा से तीरिंग तक के खंड के पुनर्निर्माण से संबंधित जनहित याचिका पर आज सुनवाई की। झारखंड राज्य सड़क विभाग की ओर से उपस्थित अधिवक्ता ने न्यायालय को आश्वस्त किया कि उक्त सड़क का पुनर्निर्माण कार्य 14 मार्च तक पूर्ण कर लिया जाएगा। और इस आश्वासन के आधार पर याचिका का निपटारा किया जा सकता है। याचिकाकर्ता आकाश शर्मा जो पेशे से अधिवक्ता हैं।

# झारखंड पुलिस एसोसिएशन के नवनियुक्त प्रांतीय अध्यक्ष राहुल कुमार मुर्मू मंत्रियों से मिले

**बिनय मिश्रा**





झारखंड पुलिस एसोसिएशन के नये प्रांतीय अध्यक्ष राहुल कुमार मुर्मू झारखंड सरकार के भू राजस्व एवं परिवहन मंत्री दीपक बिरुवा, स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी एवं काबीना मंत्री हफीजुल अंसारी से मुलाकात कर झारखंड पुलिस एसोसिएशन के संगठन और कार्यों की विस्तृत रूप से जानकारी दिया इस अवसर पर का बिना मंत्री गण ने राज्य में झारखंड पुलिस के कार्यों की सराहना की और संगठन तथा उनके बेहतर कार्य किए जाने को भी सराहा मंत्रीगण ने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि झारखंड में झारखंड पुलिस एसोसिएशन नव नियुक्त प्रांतीय अध्यक्ष राहुल कुमार मुर्मू के बेहतर नेतृत्व में संगठन और जनहित कार्यों को तथा संगठन से जुड़े मामलों को बेहतर ढंग से निष्पादित किए जाने और सकारात्मक सहयोग करने की भी बात कही।

गौरतलब हो कि झारखंड पुलिस एसोसिएशन के नए प्रांतीय अध्यक्ष राहुल कुमार मूर्मू झारखंड पुलिस एसोसिएशन के सबसे कम उम्र के अध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं और उन्होंने कहा कि वे अपने बेहतर कार्य प्रणाली तथा संगठन के प्रति हमेशा समर्पण भाव के साथ संगठन के लिए तथा पुलिस पदाधिकारी के समस्याओं की समाधान के लिए वे हमेशा तत्पर होकर उस समस्या को बेहतर ढंग से संपादित करने करेंगे। इस मुलाकात कार्यक्रम में प्रांतीय पुलिस एसोसिएशन के अन्य लोग भी उपस्थित थे।

# एसकेएमयू: पीजी प्रवेश के लिए चांसलर पोर्टल फिर खुला

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**दुमका :** एसकेएम विश्वविद्यालय दुमका के कुलपति प्रो. डॉ. बिमल प्रसाद सिंह के निर्देश पर छात्र हित को ध्यान में रखते हुए 11 मार्च से पीजी नामांकन के लिए चांसलर पोर्टल को फिर से खोलने का निर्णय लिया गया है। इस संबंध में विश्वविद्यालय के डीएसडब्ल्यू डॉ. जयेंद्र यादव ने सोमवार को अधिसूचना जारी कर दी है। जारी अधिसूचना के अनुसार छात्र पीजी नामांकन के लिए 11 से 16 मार्च तक चांसलर पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। 20 मार्च को दूसरी मेरिट सूची प्रकाशित होगी और 21 से 29 मार्च तक डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन होगा और 31 मार्च तक छात्र एडमिशन ले सकेंगे। ध्यान दें कि विश्वविद्यालय ने केवल उन्हीं विषयों के लिए पोर्टल खोला है जिनमें प्राप्त आवेदन सीटों की संख्या से कम हैं।

इन चार कॉलेजों में निम्नलिखित विषयों में सीट रिक्त रहने के कारण खोला गया है पोर्टलः

-यूनिवर्सिटी डिपार्टमेंट, दुमका- बॉटनी, केमिस्ट्री, फिजिक्स, उर्दू, बंगाली, संस्कृत, दर्शनशास्त्र, मनोविज्ञान, समाजशास्त्र, संथाली संस्कृति अध्ययन, एमबीए, एमसीए और कॉमर्स

-साहेबगंज कॉलेज, साहेबगंज- बॉटनी, केमिस्ट्री, फिजिक्स, भूविज्ञान, संथाली, उर्दू, दर्शनशास्त्र, मनोविज्ञान

**महत्वपूर्ण तिथि**

**-चांसलर पोर्टल से ऑनलाइन आवेदन का अंतिम तिथि -11 से 16 मार्च तक**

**-कॉलेज स्तर डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन - 21 से 29 मार्च तक**

**-नामांकन के लिए फीस भुगतान करने की अंतिम तिथि- 31 मार्च तक**

-गोड्डा कॉलेज, गोड्डा- - बॉटनी, केमिस्ट्री, फिजिक्स, गणित, जूलॉजी, हिंदी, पॉलिटिकल साइंस, इकोनॉमिक्स,

-देवघर कॉलेज, देवघर- बॉटनी, केमिस्ट्री, फिजिक्स, गणित, जूलॉजी, संस्कृत, दर्शनशास्त्र

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बिमल प्रसाद सिंह ने बताया कि छात्र हित में पीजी एडमिशन के लिए चांसलर पोर्टल एक बार फिर खोल दिया गया है। जो छात्र किसी कारणवश पहले चांसलर पोर्टल पर ऑनलाइन फॉर्म नहीं भर पाए थे, वे अब ऑनलाइन आवेदन कर एडमिशन ले सकते हैं।

# कार व ऑटो में टक्कर, दोनों वाहन खाई में गिरी, कई घायल



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर के एमजीएम थाना क्षेत्र में डिमना लेक जाने वाले रास्ते पर सोमवार की देर शाम को एक कार और ऑटो में आमने-सामने टक्कर हो गई जिसमें दोनों ही वाहन खाई में गिर गए घटनास्थल पर अफरा तफरी मच गई बताया जा रहा है कि जमशेदपुर थाना क्षेत्र डिमना लेक जाने वाले रास्ते पर सोमवार देर शाम एक कार और ऑटो में आमने-सामने टक्कर हो गई घटना के बाद दोनों वाहन लगभग 100 फीट नीचे गहराई पर गिर गए वाहन में सवार लोगों की चिख पुकार सुनकर अफरा तफरि माहौल उत्पन्न हो गया वही मौके पर गुजर रहे लोगों ने घायलों का इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल पहुंचाया जहां सभी का इलाज चल रहा है मिली जानकारी के अनुसार कार डिमना लेक से मानगो की तरफ आ रही थी जबकि ऑटो मानगो से डिमना लेक कि तरफ जा रही थी घुमावदार रास्ता होने की वजह से दोनों वहां आपस में टकरा गई जिससे दोनों वहां खाई में जा गिरा वही घटना में के बारे में बताया जा रहा है कि घटना में आठ लोग घायल हुए हैं और घायलों में दो की हालत गंभीर है जिसमें एक महिला जो आटो पर सवार थी उसकी हालत गंभीर है दूसरा ऑटो चालक की हालत काफी दयनीय है बताया जा रहा है कि ऑटो बोराम से जमशेदपुर आ रहा था जबकि स्विफ्ट कार जमशेदपुर से डिमना कि तरफ जा रहा था वही कार काफी के तेज गति में था और सकरीन सडक होने के कारण दोनों गाड़ियां अनियंत्रित होकर आपस में टकरा गई।

# एसकेएमयू में शुरू हुआ कार्यशाला

**दुमका :** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका में सोमवार से कुलपति प्रो बिमल प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में दो दिवसीय कार्यशाला शुरू हुई। यह कार्यशाला वनस्पति विज्ञान विभाग, एसकेएम विश्वविद्यालय, दुमका द्वारा ईआईएसीपी पीसी-आरपी, बीएसआई हावड़ा के सहयोग से बायोडायवर्सिटी विषय पर आयोजित की जा रही है। यह दो दिवसीय कार्यशाला है, जिसका पहला दिन सोमवार को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस कार्यशाला में भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण (बीएसआई) के वैज्ञानिकों ने पौधों की पहचान, नामकरण और हर्बेरियम बनाने की विभिन्न विधियों पर गहन जानकारी दी। साथ ही विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो बिमल प्रसाद सिंह द्वारा वनस्पति विज्ञान के महत्व को बताया गया। उन्होंने कहा कि ये सभी पेड़-पौधे हमारे जीवन के लिए बहुत ही मूल्यवान हैं।



कार्यशाला की शुरूआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिसके बाद विश्वविद्यालय के कुलपति, वित्त पदाधिकारी डॉ संजय कुमार सिन्हा, कुलसचिव डॉ राजीव कुमार और वनस्पति विज्ञान के विभागाध्यक्ष डॉ एसएल बोंडया ने उद्घाटन भाषण दिया। इसके बाद संसाधन व्यक्ति के रूप में उपस्थित बीएसआई के वैज्ञानिकों ने पौधों की पहचान और वर्गीकरण से लेकर हर्बेरियम बनाने की प्रक्रिया पर विस्तृत जानकारी दी। इस कार्यक्रम में डॉ. जीवन सिंह जलाल, डॉ. गोपाल कृष्ण, डॉ. सुमन घुमटे, डॉ. श्याम विश्वा और डॉ. जयंती ने अपने अनुभव और ज्ञान को साझा किया। कार्यशाला में विश्वविद्यालय के प्रोफेसर, शोधार्थी और विद्यार्थी भी शामिल हुए, जिन्होंने इस अवसर का भरपूर लाभ उठाया। कार्यशाला का उद्देश्य वनस्पति विज्ञान के क्षेत्र में शोध और अध्ययन को बढ़ावा देना है और विभिन्न विषयों पर चर्चा और प्रशिक्षण जारी रहेगा। आने वाले दिनों में इस कार्यशाला के दूसरे सत्र में शोध और व्यावहारिक ज्ञान को और अधिक विस्तार से प्रस्तुत किया जाएगा।

# जिला समन्वय समिति की बैठक में योजनाओं पर हुई चर्चा

**दुमका :** समाहरणालय के सभागार कक्ष में जिले के उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे की अध्यक्षता में सोमवार को जिला समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान उपायुक्त ने विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं के कार्य प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित विभागों के वरीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि योजनाओं का समयबद्ध तरीके से क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। बैठक में उपायुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे नियमित रूप से प्रखंड स्तरीय समन्वय समिति की बैठकें आयोजित करें और योजनाओं का



स्थल निरीक्षण कर क्षेत्रीय अधिकारियों की जवाबदेही तय करें। साथ ही, जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, ताकि योग्य लाभुकों को इन योजनाओं का लाभ मिल सके।मनरेगा और आवास योजना की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना के तहत कार्यों की प्रगति और पीएम आवास योजना के लंबित निर्माण कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिया। कृषि विभाग में केवाईसी लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन, मुख्यमंत्री कृषि ऋण माफी योजना के तहत किसानों को लाभ पहुंचाने और केसीसी आवेदन के प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए गए। पशुपालन विभाग में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत पशु वितरण में सुधार लाने की बात की गई। शिक्षा विभाग में विद्यालयों में पेयजल, शौचालय और विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने, जर्जर भवनों के लिए कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल विभाग में जल जीवन मिशन के तहत नल-जल योजना के लाभ को सुनिश्चित करने की बात की गई।

### बागबेड़ा, गोविंदपुर व मौदा जलापूर्ति योजनाओं का सर्वे होगा

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर।पेयजल स्वच्छता मंत्री योगेन्द्र प्रसाद ने आश्वस्त किया कि वे जिले की छोटा गोविंदपुर, बागबेड़ा और बहरागोडा प्रखंड के मौदा गांव में जलापूर्ति योजनाओं की अद्यतन स्थिति की अगले हफ़्ते समीक्षा करेंगे। फिर जिला से रिपोर्ट मंगवाकर कार्रवाई करेंगे। साथ ही सर्वे टीम गठित की जाएगी। और इन योजनाओं में शामिल पदाधिकारियों से फीडबैक लेकर इन योजनाओं को गर्मी से पहले चालू करवाया जाएगा। पूर्वी सिंहभूम जिले के बहरागोडा प्रखंड के मौदा गांव में चल रही योजना दो साल से बंद पड़ी है। इन तीनों योजनाओं को जल्द चालू करवाने का मांग को लेकर पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी ने मंत्री योगेन्द्र प्रसाद से सोमवार को मुलाकात की। षाड़ंगी ने मंत्री से कहा कि गोविंदपुर जलापूर्ति के ठेकेदार ने अब तक योजना को हैंड ओवर नहीं किया है। नियमित अंतराल पर राशि भुगतान की समस्या आती रहती है जिसके कारण योजना का काम बाधित हो रहा है। बागबेड़ा में योजना की गति बहुत धीमी है। गर्मी के शुरू होने पहले संभावना क्षीण है कि काम पूरा होगा।मौदा जलापूर्ति योजना का लाभ 17 गावों के लोगों को मिलता था। लेकिन दो सालों से योजना बंद है। बनाबूडा में लगे पंप के जाम होने के कारण यह स्थिति है और स्थानीय विभागीय पदाधिकारियों की उदासीनता के कारण लोग परेशान हैं।

# होली पर जमशेदपुर से बिहार के लिए बढ़ेंगी बसें, ट्रेनों में सीट की मारामारी

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**जमशेदपुर :** होली को लेकर जमशेदपुर से बिहार जाने के लिए बसों की संख्या बढ़ेगी। छपरा व सीवान समेत पूर्णिया और मोतिहारी मार्ग में एक-एक बस की संख्या बढ़ाने की तैयारी है। इन दोनों मार्ग पर बसों की संख्या कम है। अभी होली को लेकर बिहार के हर जिले के लिए यात्रियों की भीड़ उमड़ रही है।

लोगों ने 12 व 13 मार्च के लिए सीट बुक कराई हैं। बुकिंग के अनुसार, संचालक दूसरे मार्ग की बसों को दोनों मार्ग पर चलाएंगे। अभी जमशेदपुर से रोज 60 से ज्यादा बसें बिहार के विभिन्न क्षेत्र में जा रहीं हैं, लेकिन बस नहीं बढ़ने से होली की भीड़ में दिक्कत होगी। इधर, जमशेदपुर बस ऑनर्स वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष राम उदय प्रसाद सिंह ने बताया कि यात्रियों को सीट देने के लिए बस बढ़ाने पर विचार-विमर्श हो



रहा है। उन्होंने भीड़ के कारण किराया बढ़ाने से इनकार किया है। टाटानगर से बिहार व यूपी मार्ग की ट्रेनों में होली की भीड़ के कारण सीट को लेकर मारामारी है। सोमवार को टाटानगर से बिहार की बक्सर एक्सप्रेस, गोड्डा एक्सप्रेस, साउथ बिहार एक्सप्रेस और छपरा एक्सप्रेस में वेटिंग के कारण दर्जनों यात्रियों को सीट नहीं मिली। दोपहर में भागलपुर व अन्य जिला के यात्रियों की भीड़ से गोड्डा एक्सप्रेस के जनरल कोच ठसासठस थे। शाम को साउथ बिहार के स्लीपर व जनरल कोच का अंतर खत्म हो गया था।

सीट नहीं मिलने पर लोग शौचालय के पास बैठकर यात्रा को लाचार हैं। बक्सर एक्सप्रेस में अतिरिक्त जनरल कोच लगने से लोगों को सहूलियत हुई है।

इधर, रेलवे में 12 मार्च को बक्सर एवं कटिहार के लिए होली स्पेशल ट्रेन चलाने का आदेश हुआ है, जिसकी सीटें लगभग बुक हो गई हैं। इधर, टाटागनर-अमृतसर जलियांवाला बाग और पुरी-दिल्ली पुरुषोत्तम एक्सप्रेस में भी होली की भीड़ के कारण अफरातफी का माहौल था।